CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक :70 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 30 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# पुत्र मोह में डूबी कांग्रेस ने प्रदेश और देश को काफी नुकसान पहुंचाया, हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजेंगे : भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जमवारामगढ़ में पीएम श्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सोनिया गांधी पर जोरदार पलटवार किया, मौके पर ही हजारों लोगों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना**





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पिछले दिनों मंत्री पुत्रों के सरकार से दूर रहने की सिख के बयान पर जोरदार पलटवार किया और कहा कि सोनिया गांधी और आप दोनों ही अपने बेटों को राजनीति में स्थापित करने के लिए बार-बार जतन कर रहे हैं लेकिन वही ढाक के तीन पात जैसी स्थिति से आपको रूबरू होना पड़ा मुख्यमंत्री शर्मा ने अशोक गहलोत का नाम लिए बिना कहा कि आप के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं, आप काफी वरिष्ठ नेता हैं लेकिन आपने अपने बेटे के लिए क्या-क्या नहीं किया यह सब को पता है ऐसे ही राहुल गांधी को सोनिया गांधी बार-बार स्थापित करने का प्रयास कर रही है लेकिन हासिल कुछ भी नहीं हो पा रहा है उन्होंने कहा कि अगर आप एक उंगली सामने वाले की ओर करोगे तो फिर चार उंगली आपकी और भी जरूर उठेगी मुख्यमंत्री शर्मा रविवार को जमा रामगढ़ में पीएम श्री स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसी भी बात पर बोलने से पहले उन्हें खुद के बारे में भी सोच लेना चाहिए अगर आपने किसी को परेशान किया है तो निश्चित रूप से आपको भी परेशान होना ही पड़ेगा उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में लूट, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था और कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार और लूट की कहानी अभी बंद नहीं हुई है जिस जिसने भ्रष्टाचार किया है वह जेल की सलाखों के पीछे जरूर जाएगा उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी का कोई नेता आपके बीच में आए तो उनसे यह सवाल जरूर पूछना कि जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का क्या हुआ एक के बाद एक सरकारी भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हुए उनका आपने क्या किया पूरे 5 साल तक प्रदेश का युवा सड़कों पर आंदोलन करता रहा उनका आपने क्या किया पूरे 5 साल तक किसान मजदूर खून के आंसू रोते रहे उनका आपने क्या किया इन सारे सवालों के जवाब आपको कांग्रेस पार्टी के नेताओं से जरूर पूछना चाहिए मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में कई भर्ती परीक्षाओं का आयोजन करवाया लेकिन एक भी भर्ती परीक्षा का पेपर लिक नहीं हुआ यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी सफलता है उन्होंने कहा कि पिछले सवा दो साल में हमने सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रदेश के युवाओं को नौकरी दी है करीब 1 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है तथा 153000 सरकारी नौकरियां प्रक्रिया में चल रही है और डेढ़ लाख नई सरकारी नौकरियों का कैलेंडर हमने और जारी किया है इसके अलावा निजी क्षेत्र में भीहमने बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार दिया है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले सवा दो साल में पानी बिजली उद्योग सड़क शिक्षा चिकित्सा कृषि रोजगार महिला सुरक्षा इत्यादि सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य किए ्द्धह्ड,आगे आप और देखते जाइए और बड़े-बड़े कार्य होंगे बड़ी-बड़ी घोषणाएं होंगी और राजस्थान विकसित राजस्थान उत्कृष्ट राजस्थान बनेगा इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भारत एक विकसित भारत और उत्कृष्ट भारत बनेगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी के नेता आपस में लड़ रहे हैं उनके नेताओं के बयानों में भी टकराव और विरोधाभास जैसी स्थिति साफ दिखाई देती है उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी का कोई एक नेता किसी बात पर अपनी राय प्रकट करता है तो फिर कांग्रेस पार्टी का ही दूसरा नेता उसको नीचा दिखाने की कोशिश में अलग ही बयान दे देता है इस तरह की विचित्र स्थिति राजस्थान कांग्रेस में बनी हुई है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सरकार गरीब किसान मजदूर और महिला के विकास और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए योजनाएं बनाती हैं और उनके सफल क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करवाती हैं इसका असर राजस्थान में देखने को मिल रहा है राजस्थान में आज हर क्षेत्र में विकास के गंगा बह रही है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही है आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के नंबर वन लोकप्रिय नेता बन गए हैं आज विश्व मंच पर भारत की बात को गंभीरता से सुना जाता है और भारत की राय को माना जाता है उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि वह कांग्रेस पार्टी के भ्रामक प्रचार और बातों में नहीं आए क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लूट भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति कीहै

## चाय की थड़ी पर भजनलाल शर्मा ने ग्रामीणों से किया संवाद

जमा रामगढ़ में पीएम श्री विद्यालय में कार्यक्रम के समापन के बाद रास्ते में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चाय की थड़ी पर ग्रामीणों के साथ काफी देर तक बातचीत की ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और सरकार के कार्यों के बारे में भी ग्रामीणों से सवाल जवाब किए केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों से सवाल जवाब किया ग्रामीणों ने भी खुले दिल से मुख्यमंत्री शर्मा से विभिन्न विषयों पर बातचीत की और अपनी समस्याओं के बारे में भी अवगत करवाया बातचीत के दौरान स्थानीय विधायक महेंद्र पाल मीणा और जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र भी मौजूद रहे इसके अलावा पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेता मौके पर दिखाई दिए, चाय की चुस्कियां लेते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ग्रामीण से ऐसी बात कर रहे थे जैसे वह उन्हीं के परिवार के सदस्यों बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा अपने व्यवहार और हाव-भाव से ऐसा बिल्कुल भी नहीं लगे जैसे वे शासन के मुखिया हो उनके व्यवहार और उनके अंदाज की वहां मौजूद लोगों ने खूब तारीफ की मुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान पिछले सवा दो साल में सरकार की ओर से किए गए कार्यों के बारे में उनकी राय पूछी जिस पर लोगों ने सरकार के कार्यों से खुद को काफी संतुष्ट बताया मुख्यमंत्री शर्मा ने मौके पर मौजूद लोगों से कहा कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से विभिन्न तरह की संपादित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उन लोगों तक जरूर दी जानी चाहिए जिन्हें अभी तक इन योजनाओं की जानकारी नहीं है मुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामीणों से कहा कि अगर आप अपने आस पड़ोस में उन लोगों कोसरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे तो वह भी सरकार की योजनाओं का फायदा उठा सकेंगे यह एक तरीके से पुण्य का काम है ।

## पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम एपिसोड को भजन लाल शर्मा ने हजारों ग्रामीणों के साथ मौके पर ही सुना

: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जमा रामगढ़ में पीएम श्री स्कूल में ही हजारों ग्रामीण के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम एपिसोड को सुना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मोदी के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को शुरू से ही सुनते आ रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने मोदी के इस कार्यक्रम का एक भी एपिसोड को मिस नहीं किया है जब भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री नहीं थे और प्रदेश भाजपा के संगठन में काम कर रहे थे उस समय से ही सही वे लगातार इस कार्यक्रम को सुनते आ रहे हैं क्योंकि यह मोदी का एक अनूठा और एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों और विभागों से जुड़ी एक से एक नई जानकारियां मिलती है जिनकी जानकारी अक्सर बहुत कम लोगों को ही होती है उन जानकारी को पीएम मोदी न जाने कहां से ढूंढ कर लाते हैं और फिर अपने इस कार्यक्रम में देश के लोगों को बताते हैं इसलिए भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े लोग ही नहीं बल्कि पूरा देश और अन्य राजनीतिक दलों के लोग भी मोदी के इस कार्यक्रम को जरूर सुनते हैं क्योंकि जनरल नॉलेज के हिसाब से भी यह कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण होता है इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा चाहे कुछ भी हो जाए मोदी के इस एपिसोड को जरूर सुनते हैं ।

## असम में घुसपैठ पर अमित शाह का सख्त रुख, हर अवैध प्रवासी को वापस भेजना होगा

**ढेकियाजुली** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम में घुसपैठ के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि भाजपा सरकार ने पिछले दस वर्षों में असम में घुसपैठ को रोका है, लेकिन यह काफी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक अवैध अप्रवासी को उनके देश वापस भेजा जाना चाहिए। सोनितपुर जिले की ढेकियाजुली विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कई राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि यह विरोध घुसपैठियों को बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी एसआईआर का विरोध करके घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं। अमित शाह ने यह भी कहा कि असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई घुसपैठियों को बचाना चाहते हैं और उनसे इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा।

# पीएम नरेंद्र मोदी के मंत्र को आत्मसात कर रही डीसीपी रंजीता शर्मा

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(का.सं.)।** दुनिया में जितने भी ग्रेट पर्सनालिटी हुई है उनमें करीब करीब सभी को शुरू में असफलता का सामना करना पड़ा चाहे वह भारत रत्न सचिन तेंदुलकर हो या फिर अमिताभ बच्चन ऐसे बहुत से ग्रेट शख्सियत हैं जिन्होंने खेल राजनीति, कला, फिल्म इत्यादि क्षेत्र में शुरू में असफलता का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने धैर्य, हिम्मत, कड़ी लगन और मेहनत से अपनी कमियों को दूर करके सफलता की बुलंदियों को छुआ इसलिए यह कहा जाता है कि सफल होने के लिए मनुष्य को असफल होना भी बहुत जरूरी है और हर असफलता के पीछे सफलता जरूर छिपी रहती है इसका जीवंत उदाहरण है जयपुर शहर डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा जिन्हें यूपीएससी के एग्जाम में एक बार नहीं बल्कि पांच बार असफलताओं का सामना करना पड़ा लेकिन एक साधारण परिवार में जन्म लेने वाली टैलेंटेड ऑफिसर ने खुद की काबिलियत और खुद की मेहनत पर भरोसा रखा और बार-बार मिली असफलताओं के अनुभव से अपनी कमियों को दूर करते हुए खुद को इस तरह से तैयार और साबित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनकी काबिलियत, कठिन मेहनत और प्रदर्शन से प्रभावित हुए बिना नहीं रहे जी हां शुरू में मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वाली रंजीता शर्मा का दिल और दिमाग मीडिया के लिए खुद को परफेक्ट नहीं मान रहा था उनके दिल और दिमाग में जनता से सीधा जुड़ाव और जनता से सीधा लगाव रखते हुए जनता को तुरंत राहत पहुंचाने की दिल की तमन्ना दिल में हिलोरे मार रही थी इसलिए देश के सबसे बड़े यूपीएससी एक्जाम फाइट करने की सोची जिसमें वर्ष 2013, 2015 और 2017 की यूपीएससी की परीक्षा में उन्हें प्री एग्जाम में ही डिफेक्ट खाना पड़ा तो 2014 और 2016 के एग्जाम में प्री और मुख्य परीक्षा पास करने के बावजूद इन्हें इंटरव्यू में डिफेक्ट खाना पड़ा इस तरह से अगर कोई इंसान कड़ी मेहनत और लगन से पांच बार यूपीएससी एक्जाम को फाइट करें और फिर उसे रिजल्ट नहीं मिले तो बड़े से बड़ा धैर्य और संयम रखने वाला इंसान भी टूट जाता है जिसमें रंजीता शर्मा तो महिला थी लेकिन इसके बावजूद भी उन्होंने खुद को संभाले रखा और एक के बाद एक परीक्षा में मिली असफलता के बावजूद भी यूपीएससी एक्जाम फाइट करने का सिलसिला जारी रखा जिसमें वर्ष 2019 में आखिरकार इन्हें सफलता मिली और भारतीय पुलिस सेवा के लिए इन्हें चुन लिया गया, रंजीता शर्मा का चयन उन टैलेंटेड युवाओं के लिए एक सिख की तरह हैं जो शुरुआती असफलताओं से घबराकर अपने विजन और संकल्प का रास्ता ही बदल लेते हैं इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 में हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षु आईपीएस के दीक्षांत समारोह में रंजीता शर्मा से संवाद के दौरान आग्रह किया कि आप जिस भी जिले में और जहां भी पोस्टेड रहे वहां अपना व्यस्त समय निकालकर कन्या विद्यालयों में जाकर बालिकाओं को उनके अच्छे करियर के लिए प्रोत्साहित करें, उनके साथ अपना वक्त बताएं अपने अनुभव शेयर करें और असफलता के दौर में किस तरह से खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत रखते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें इन सब के बारे में पीएम मोदी ने प्रभावी लेक्चर देने के लिए रंजीता शर्मा को कहा था, पीएम मोदी के इन शब्दों को रंजीता शर्मा ने उसे दिन ही अपने दिल और दिमाग में बसा लिया था उसके बाद रंजीता शर्मा प्रदेश में अब तक जहां-जहां भी जिस जिस जिले में पोस्टेड रही हैं वहां उन्होंने अपने व्यस्त समय में समय निकालकर कन्या विद्यालयों में अपने लेक्चररर्स कार्यक्रम का आयोजन करती है जिसमें उन्होंने बालिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार रखने की टिप्स, असफलताओं के दौर में कैसे और किस तरह से खुद को परफेक्ट रखा जाए इन सब के बारे में छात्रों के साथ खूब संवाद करती हुई नजर आती हैं उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2021 में हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर गए थे इस दीक्षांत समारोह में वर्ष 2017 वर्ष 2018 और वर्ष 2019 बेच के 144 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी शामिल थे जिसमें रंजीत शर्मा को स्वोर्ड आफ ऑनर से सम्मानित किया गया था यह सम्मान हासिल करने वाली रंजीता शर्मा पहली महिला आईपीएस अधिकारी थी क्योंकि इससे पहले यह सम्मान हमेशा पुरुष आईपीएस को ही मिलता हुआ आया था लेकिन प्रशिक्षण के दौरान रंजीता शर्मा ने तलवारबाजी तीरंदाजी घोड़ सवारी स्विमिंग भारी वजन के साथ कई किलोमीटर पैदल चलना जैसी अलग-अलग प्रतियोगिताओं और विधाओं में अकेले 8 ट्राफियां हासिल करके सबको हैरत कर दिया था अपने प्रशिक्षण अवधि के दौरान ही अपने अद्वितीय प्रदर्शन से सरदार वल्लभभाई पटेल प्रशिक्षण केंद्र से जुड़े अधिकारियों को काफी प्रभावित किया था इनके अद्भुत प्रशिक्षण अवधि की गौरव गाथा को सुनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इनसे काफी प्रभावित हुए थे ।




CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
30 मार्च, 2026


## श्री डंडे वाले हनुमान मंदिर में शुरू हुए श्री रामचरितमानस के पाठ, सजेगी बाबा की झांकी

### 02 अप्रैल को हनुमान जी का जन्मोत्सव

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के हजूरी गेट के स्थित श्री श्री 1008 डण्डे वाले हनुमान जी महाराज के मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर में शनिवार को श्री रामचरितमानस के पाठ शुरू हुए, ये पाठ 02 अप्रैल को प्रातः संपन्न होंगे। मंदिर के महंत पंडित कुणाल शर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के दौरान अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान मंदिर पर विद्युत् रौशनी से सजावट की जाएगी साथ में मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा को विशेष चोला चढ़कर बाबा की फूलों से आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। महंत पंडित कुणाल शर्मा ने बताया कि धार्मिक मांगलिक कार्यक्रम के तहत 28 मार्च, शनिवार को श्री रामायण जी के पाठ प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुए, जिसका समापन 02 अप्रैल को प्रातः होगा। वहीं 02 अप्रैल, गुरुवार को प्रातः 10 बजे हवन होगा। उसी दिन दोपहर सवा एक बजे महिला संकीर्तन होगा। पंडित ने बताया कि सायं 07-15 बजे महाआरती होगी ओर सायं 08-15 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें शहर के नामी कलाकार बाबा का गुणगान करेंगे।



## क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन के प्रथम दिवस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित

जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।** । महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन (म.प्र.) एवं श्री भगवत् धर्म संस्कृत वेद विद्यालय छात्राश्रम, जिन्दौली (खैरथल-अलवर, राज.) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्षेत्रीय वैदिक सम्मेलन के तीन दिवसीसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अंतरराष्ट्रीय कवि विनीत चौहान ने किया, जिसमें देश के ख्यातनाम कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया कवि सम्मेलन का संचालन भी कवि विनीत चौहान ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कवयित्री डॉ. पूनम वर्मा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार डॉ. अरुण शर्मा को गीत गंधर्व सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें शॉल ओढ़ाकर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। कवि भगवान मकरंद ने अपनी चर्चित वायरल कविता सुनाते हुए पौराणिक और वर्तमान जीवन के संदर्भों को जोड़कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कवयित्री डॉ. पूनम वर्मा ने अपने गीत 'चारों तरफ ही गूंज रहा है राम नाम का नारा' प्रस्तुत कर कार्यक्रम को राममय बना दिया। अंतरराष्ट्रीय कवि विनीत चौहान ने समाज और देश के विभिन्न पहलुओं पर आधारित कई मर्मस्पर्शी कविताओं का पाठ किया, जिसने श्रोताओं को गहराई से सोचने पर मजबूर कर दिया। वहीं कवि बलवीर सिंह करुण ने अपनी विश्व प्रसिद्ध कविता 'ओ घोड़े समर भवानी के' सुनाकर श्रोताओं में जोश और उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अरुण शर्मा ने अपने गीत 'सरहदों पर भी जिसे भी शहादत मिली' प्रस्तुत कर वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कवि सम्मेलन के दौरान श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कवियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा।

## गैस आपूर्ति पर कड़ी निगरानी: 5 घरेलू सिलेंडर जब्त

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मध्य पूर्व में जारी वैश्विक संकट के चलते एल.पी.जी. आपूर्ति श्रृंखला में संभावित व्यवधान की आशंकाओं के बीच जिला प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार गठित विशेष प्रवर्तन जांच दल ने शनिवार को मांगरौल क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 5 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि गैस के दुरुपयोग और अवैध भंडारण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। शनिवार को जिले की समस्त गैस एजेंसियों की ओर से कुल 4,140 गैस सिलेंडरों का वितरण सुव्यवस्थित रूप से किया गया। साथ ही सभी एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध बताया गया है। जिला रसद अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। उपभोक्ता अनावश्यक पैनिक बुकिंग से बचें और केवल जरूरत के अनुसार ही गैस बुकिंग कराएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि गैस सिलेंडरों की आपूर्ति निर्धारित समय पर होम डिलीवरी के माध्यम से सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि सिलेंडर की डिलीवरी लेते समय अपनी गैस डायरी में प्रविष्टि अवश्य करवाएं, ताकि पारदर्शिता और निगरानी बनी रहे।

# नेता प्रतिपक्ष जूली ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिया संगठनात्मक मजबूती का मंत्र, बोले जनता के मुद्दों को उठाना प्राथमिकता

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रविवार को बहादुरपुर नगर पालिका में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती का जहां मंत्र दिया वहीं बोले जनता के मुद्दों को उठाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जूली ने कहा कि विपक्ष जयकारों के लिए नहीं बना है बल्कि उनका मकसद आमजन की समस्याओं के समाधान और उनके हक की लड़ाई के लिए आवाज बुलंद करना है। जूली रविवार को बहादुरपुर कांग्रेस नगर अध्यक्ष धीरज शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित कांग्रेसजन को संबोधित कर रहे थे। जूली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को जहां मजबूत करने और जनसंपर्क बढ़ाने के लिए प्रेरित किया वहीं भारतीय जनता पार्टी की कूट नीतियों पर जमकर प्रहार किया।

जूली ने भारतीय जनता पार्टी की लोकतंत्र विरोधी नीतियों को उजागर करते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश सहित पूरे देश में भाजपा की नीतियों से आमजन बेहाल है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश के इससे बुरे दिन कभी नहीं आए, जूली बोले सरकार के मुखिया दिल्ली में हाजिरी लगा रहे हैं और प्रदेश की जनता अपने अधिकारों और हक के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई ने जहां आम आदमी की कमर तोड़कर रख दी है वहीं गरीब दो वक्त के निवाले के लिए तरस रहा है। यह सरकार नौकरी के नाम पर बेरोजगारों के साथ धोखा कर रही हैं।





### जूली का बहादुरपुर के कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत, निकाली बाइक ट्रैक्टर रैली

नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली का कांग्रेस कमेटी बहादुरपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बहादुरपुर के दशहरा मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने विधायक का जोरदार स्वागत किया, इससे पूर्व बहादुरपुर में युवाओं द्वारा चिकानी से बहादुरपुर दशहरा मैदान तक विशाल बाइक ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जूली ने बहादुरपुर चिकित्सालय में एक्स-रे मशीन और कन्या महाविद्यालय में 2 लाख रुपए के फर्नीचर की घोषणा भी की।

### मूलभूत सुविधाओं से तरस रही जनता, सरकार सैर करने में मस्त

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम में जूली ने मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई की इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी परिवेदनाएं लेकर पहुंचे जिनके निस्तारण के लिए जूली ने अधिकारियों को फोन पर दिशा निर्देश दिए। जूली बोले जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है और सरकार सैर करने में व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश और जिले के नेताओं को जनता की परवाह ही नहीं है वे केवल सैर करने में व्यस्त है। कार्यालय पर ओबीसी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गोलियां का साफा व माला पहनाकर स्वागत भी किया गया।

## मण्डल प्रतापगढ़ में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**थानागाजी(निसं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मण्डल प्रतापगढ़ की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला प्रतापगढ़ में मण्डल अध्यक्ष विश्राम गुर्जर की अध्यक्षता में दिनांक 28 एवं 29 मार्च को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में हरिशंकर खण्डेलवाल, रोहिताश घागल, दयानंद शर्मा, हरीश पायला, सुरेश शर्मा, जनार्दन शर्मा एवं अशोक चौहान ने विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल 7 सत्रों में आयोजित हुआ, जिसमें 28 मार्च को 2 सत्र एवं 29 मार्च को 5 सत्र आयोजित किए गए। प्रत्येक सत्र में अलग-अलग वक्ताओं द्वारा विषय प्रस्तुत किए गए तथा अलग-अलग वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सत्रों की अध्यक्षता की। प्रशिक्षण के दौरान वैचारिक अधिष्ठान, पार्टी का इतिहास एवं विकास कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, हमारी कार्य पद्धति, अपनी सरकारों की उपलब्धियां एवं उनके क्रियान्वयन, सोशल मीडिया एवं एआई का उपयोग, नमो ऐप, सरल ऐप, बूथ प्रबंधन एवं मन की बात जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सत्रों की अध्यक्षता करने वालों में भेरू सहाय गुर्जर, सुरेन्द्र भड़ाना, राधेश्याम शर्मा, मनीष कुमार स्वामी, शिव शंकर शर्मा, सौदान गुर्जर, मोनू जोशी, शामिल रहे। कार्यशाला में संगठन की रीति-नीति, कार्यकर्ता विकास एवं जनसंपर्क को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में मण्डल अध्यक्ष विश्राम ने सभी वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है और कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता में वृद्धि होती हे ।

इस शिविर में मुख्य रूप से सुमेर सिंह डोई, मनोज कुमार जोशी, हेमराज फागणा, कानाराम सेनी, आकाश शर्मा, गजानंद बागडा, जगदीश गुर्जर सहित बहुतायत मे भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अलवर का शानदार प्रदर्शन

### दिव्या, संस्कृति और गगनदीप ने जीते स्वर्ण पदक, बालिका वर्ग में अलवर टीम बनी चैंपियन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजगढ़ (चूरू) में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ बालक एवं बालिका वर्ग की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अलवर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में अलवर की टीम ने टीम चैंपियन बनकर पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अलवर जिला मुक्केबाजी संघ के सचिव देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बालिका वर्ग में दिव्या शर्मा और संस्कृति यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते, जबकि पैरवी, शिवानी शर्मा और राधा जांगिड़ ने कांस्य पदक हासिल किए। वहीं बालक वर्ग में गगनदीप सिंह ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा तनिष्क उपाध्याय, शशांक और आर्यन ने कांस्य पदक जीतकर अलवर का गौरव बढ़ाया। संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव के अनुसार प्रतियोगिता में अलवर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और छह कांस्य पदक जीतकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। विजेता बॉक्सर अब गुवाहाटी में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेकर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के दौरान टीम के साथ रेफरी-जज भूपेंद्र सिंह राठौड़ और टीम कोच मनीष सैनी मौजूद रहे। इसके अलावा तेजस इकदाया और गिरीश शर्मा का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस उपलब्धि पर साधना शर्मा, संजय शुक्ला, राकेश शर्मा, विनीत जुनेजा, विकास शर्मा, विशन कालरा, दीपक गर्ग, महावीर प्रसाद राजोरिया, अमिताभ दीक्षित, त्रिलोक टंगरा और कीर्ति भटनागर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# मेगा विधिक चेतना एवं लोक कल्याणकारी शिविर आयोजित

### आमजन को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं विधिक सहायता प्रदान कर किया गया लाभांवित

### दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं बालिकाओं को साइकिल की गई वितरित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनंत भण्डारी की अध्यक्षता में कठूमर क्षेत्र के गैलेक्सी एकेडमी लक्ष्मणगढ रोड में वृहद् मेगा विधिक चेतना एवं लोक कल्याणकारी शिविर का आयोजन होगा, जिसमें आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विधिक सहायता प्रदान कर लाभांवित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत् दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना तथा नालसा थीम सॉन्ग के साथ किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री भंडारी ने शिविर को समाज के अंतिम पायदान तक न्याय, विधिक अधिकारों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुँचाने की एक सशक्त एवं सतत पहल को निरूपित किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका एवं प्रशासन के समन्वित प्रयास तथा 'सिंगल विंडो' प्रणाली सुशासन को सुदृढ़ आधार प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि 'आदर्श विधिक सेवा केंद्र' की स्थापना के माध्यम से न्याय को आमजन के द्वार तक पहुँचाना ही विधिक सेवा संस्थाओं का प्रमुख ध्येय है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहनलाल सोनी ने कठूमर को 'आदर्श तालुका' के रूप में चयनित किए जाने पर प्रसनन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि इस शिविर का मूल उद्देश्य विधिक जागरूकता का प्रसार कर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध जादूगर एवं रोडवेज विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी आर.के. सोनी द्वारा आकर्षक जादू की विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से जनसामान्य को राज्य सरकार की विविध जनकल्याणकारी योजनाओं एवं रोडवेज विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान गैलेक्सी एकेडमी के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय स्तर पर भवाई नृत्य कला में पारंगत छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नृत्य प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया गया, जिसने कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा एवं आकर्षण प्रदान किया।

सरकार की कल्याणकरी योजनाओं से किया गया लाभांवित, दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल एवं बालिकाओं को साइकिल वितरित शिविर में राजस्व, पंचायती राज, नगर पालिका, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ऊर्जा, विद्युत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, पशुपालन, लोक निर्माण विभाग, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी, रसद, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, परिवहन एवं यातायात सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से कुल 74,976 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को ट्राई-साइकिल, बालिकाओं को साइकिल तथा पात्र आवेदकों को मौके पर ही जाति एवं मूल निवास प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका रघुवंशी, उपखण्ड अधिकारी कठूमर श्याम सुंदर चेतीवाल, तालुका विधिक सेवा समिति कठूमर के अध्यक्ष एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उदय सिंह आलोरिया, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट युधिष्ठिर मीणा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-02 प्रदीप कुमावत, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राजीव जिंदल, तहसीलदार भानुप्रताप सिंह, पुलिस वृत्ताधिकारी राजेश कुमार, अभिभाषक संघ के सुभाष चंद अरवा व देवेंद्र सिंह नरूका, त्रिलोक शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण, न्यायिक कर्मचारी एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।




# अकबरपुर बगीची वाले हनुमान जी महाराज की 2 अप्रैल को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे अनेको धार्मिक आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्रीराम भक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव पर जिले भर में अनेक धार्मिक आयोजन होगे। इस मौके पर हर वर्ष की भांति शहर से निकलने वाली अकबरपुर बगीची वाले हनुमान जी महाराज की शोभायत्रा भी निकाली जाएगी। हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि श्री बगीची वाले हनुमान जी महाराज जयपुर रोड अकबरपुर वालो की भव्य शोभायात्रा 02 अप्रैल, वार गुरुवार को प्रातः 9.30 बजे शहर के केडलगंज से प्रारम्भ होगी, जो शहर में केडलगंज से नगर निगम, घंटाघर, होपसर्कस, कन्ट्रोल रूम, गायत्री मन्दिर रोड, घोडाफेर, ढाई पैडी होते हुए लगभग शाम 4.00 बजे श्री बगीची वाले हनुमान जी महाराज अकबरपुर मंदिर प्रांगण में पहुंचेगी।






### ये होंगे आकर्षण के केंद्र

हनुमान जी की शोभायात्रा में गणेश जी की झांकी, रघुवीर ताशा पार्टी, अन्य भगवानो की झांकीयां, अशोक वाटिका, पांच प्याऊ, पांच डी.जे., धमाल ढोल के अतिरिक्त घंटा घडियाल, तोप से पुष्प वर्षा, दुर्गा बैण्ड आदि शामिल होगी। उन्होंने बताया कि हनुमान जी की शोभायात्रा में लगभग 551 ध्वज लेकर हजारो भक्त भी राम जी का नाम लेते हुए चलेंगे। इसके अलावा वृंदावन के कारीगरों द्वारा सुसज्जीत बाबा का रथ भी शामिल होगा। शोभायात्रा में इस बार अलवर के धार्मिक स्थलो से जुडे साधु-संत अलग-अलग बग्गीयों में विराजमान होकर यात्रा में शामिल होगें। हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने बताया कि यह यात्रा लगभग 20 किमी की रहेगी। रास्ते भर में पैदल वाहको के लिए लगभग 40 जगहो पर जलपान की व्यवस्था रहेगी।

### मंदिर पर आज से होगी संगीतमय रामधुनी

गोयल ने बताया कि मंदिर प्रांगण में 8वीं बार 108 अखण्ड पाठो का आयोजन 11 दिसम्बर 2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक 29 मार्च 2026 को समापन हुए है। उसके बाद हवन एवं कन्या एवं ब्राह्मणो की प्रसादी का आयोजन रखा गया है। 30, 31, व 1 अप्रैल 2026 को संगीतमय रामधुनी एवं सुन्दर पाठो का आयोजन रहेगा एवं 02 अप्रैल को लगभग 10000 लोगो के लिए विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। आयोजन के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थाओ का विशेष ध्यान रखा जायेगा। प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से कराने की योजना बनाकर सम्पूर्ण कार्यक्रम के लिए 11 अलग-अलग समितियां बनाई गई है।

### सेवा में शामिल हो रहे हैं पहली बार सर्व समाज के प्रबुद्धजन

हनुमान जी महाराज की शोभायत्रा में सेवा के लिए पहली बार सर्व समाज के प्रबुद्धजन शामिल हो रहे हैं। जिन्होंने हनुमान बाबा की शोभायात्रा मे शामिल होना अपने आप का सौभाग्य बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में शामिल होकर धर्म ओर समाज का मान बढ़ता है साथ में उन्हें भी धर्म के बारे में जानकारी मिलती है। इस मौके पर सभी ने अकबरपुर बगीची वाले हनुमान जी महाराज की निकलने वाली शोभायात्रा ओर इसके आयोजनकर्ताओ की सराहना की। अंत में समिति की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया ओर समाज में धार्मिक व सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का संकल्प किया।

**वर्ष 2020 जुलाई से कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी राजस्थान कांग्रेस को बखूबी से संभाल रहे इस बेजोड़ कांग्रेस के किसान नेट की कैप्टनशिप से कांग्रेस हाई कमान भी है काफी खुश और संतुष्ट, उपचुनाव में प्रमोद जैन भाया की जीत में भी रही बड़ी भूमिका, अपनी मेहनत लगन और समर्पित भाव से पार्टी के संगठन को मजबूती दे रहे डोटासरा आज राजस्थान कांग्रेस के टॉप नेताओं में हो गए शामिल**




# प्रदेश में कांग्रेस की खूबसूरती से जमीन जोत रहे गोविंद सिंह डोटासरा

**जयपुर टाइम्स/जयपुर(कासं.)।** वर्ष 2020 जुलाई माह से राजस्थान कांग्रेस को कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी बहुत ही खूबसूरती और मजबूती से संभाल रहे गोविंद सिंह डोटासरा आज राजस्थान कांग्रेस के सबसे टॉप नेताओं में गिने जाते हैं, पिछले करीब 6 साल के अपने पार्टी के अध्यक्ष पद के कार्यकाल में डोटासरा को जितनी विपक्षी पार्टियों से जूझना पड़ा उतना ही उन्हें अपनी खुद की पार्टी में भी अपने राजनीतिक प्रभुत्व के लिए अदृश्य संघर्ष करना पड़ा लेकिन यह उनकी बेखौफ और दबंग छवि का ही परिणाम रहा कि अपनी कड़ी मेहनत, लगन, निष्ठा और पार्टी के प्रति गहरी समर्पित भाव से उन्होंने बड़े-बड़े संघर्ष और बड़ी-बड़ी विकट परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करते हुए न केवल राजस्थान कांग्रेस के संगठन को जबरदस्त तरीके से मजबूती प्रदान कर रहे हैं बल्कि डोटासरा ने अपनी अद्भुत पॉलिटिकल और नेतृत्व क्षमता दिखाई है इसी का नतीजा है कि आज दिल्ली में बैठे कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेता डोटासरा से काफी प्रभावित हैं और राजस्थान कांग्रेस के सबसे टॉप नेताओं में माने जाते हैं, बड़ी बात यह है कि पार्टी में अंतर विरोध की वजह से पिछले 6 सालों में डोटासरा कई महीनो तक अपने हिसाब से संगठन में नियुक्ति नहीं कर पाए इसके बावजूद भी उन्होंने अपनी आधी अधूरी टीम से राजस्थान में कांग्रेस को कमजोर नहीं पडने दिया और पूरे जोश उत्साह और लगन के साथ कांग्रेस जनों में जोश भरते रहे, अपने जोशीले हाव भाव और जोशीले भाषणों से प्रदेश में शहर से लेकर गांव ढाणी में बैठे कांग्रेस जनों को प्रेरित और निर्देशित करते हुए उन्हें पार्टी से जोड़े रखा पार्टी में चल रहे बड़े नेताओं के आपस की लड़ाई को डोटासरा ने कभी भी अपने अध्यक्ष पद के कार्यकाल के दौरान पार्टी के कार्यकर्ताओं पर ज्यादा हावी नहीं होने दिया है और छोटे-बड़े सभी कांग्रेस जनों के बीच सामंजस्य और समन्वय स्थापित करने में उन्हें काफी सफलता भी मिली इसी का परिणाम रहा की प्रदेश और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बावजूद भी कुछ महीने पहले प्रदेश की अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद जैन भैया की जीत में डोटासरा का बहुत बड़ा योगदान माना जा रहा है राजनीतिक विश्लेषक यह भी कहते हैं कि भले ही 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी सरकार नहीं बन पाई हो लेकिन इन चुनाव के नतीजे से यह भी साबित हुआ है कि राजस्थान में कांग्रेस पार्टी अन्य राज्यों के तुलना में काफी मजबूत है अगर पिछले विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन के मामले में पारदर्शिता और गंभीरता दिखाई जाती तो कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहता लेकिन विधानसभा चुनाव में डोटासरा कई विधानसभा सीटों पर अपनी इच्छा के मुताबिक उम्मीदवार खड़ा नहीं कर पाए जो बाद में प्रदेश में पार्टी की हार का कारण भी बना चुनाव में मिली हार के बाद डोटासरा ने भी यह स्वीकार किया कि चुनाव में टिकट वितरण ठीक तरह से नहीं हुआ इसलिए भले ही पिछले विधानसभा चुनाव में डोटासरा की अगुवाई में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा हो लेकिन पार्टी हाई कमान और राजनीतिक विश्लेषक भी यह जानते हैं कि पिछले विधानसभा चुनाव में चाहे उम्मीदवार खड़ा करने की बात हो या फिर चुनाव प्रचार की हर बड़े डिसीजन में डोटासरा के अध्यक्ष होने के बावजूद भी उनके पास ज्यादा पावर नहीं थे इसलिए जब पार्टी को हार मिली तो डोटासरा के नेतृत्व पर किसी ने भी सवाल खड़ा नहीं किया क्योंकि पार्टी में संगठन के तौर पर डोटासरा ने अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रखी थी इसलिए कांग्रेस हाई कमान ने भी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार को लेकर डोटासरा की नेतृत्व क्षमता पर कोई सवाल खड़ा नहीं किया

## गोविंद सिंह डोटासरा का विधानसभा चुनाव में खूबसूरत चौका

गोविंद सिंह डोटासराने पहले विधानसभा चुनाव 2008 में लड़ा था जब डोटासरा सिर्फ 34 मतों से चुनाव जीत पाए थे बाद में 2013 के विधानसभा चुनाव में 200 विधायकों में से कांग्रेस पार्टी के सिर्फ 21 विधायक ही चुने गए थे जिनमें डोटासरा भी शामिल थे और यह चुनाव डोटासरा ने करीब 10000 वोट के अंतर से जीता था जिस पर डोटासरा को प्रतिपक्ष का उप नेता और राजस्थान विधानसभा का कांग्रेस पार्टी का सचेतक बनने का सौभाग्य भी मिला इसके बाद 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने तीसरी बार लक्ष्मणगढ़ विधानसभा सीट से लगातार चुनाव जीत इन चुनाव में कांग्रेस पार्टी को प्रदेश में बहुमत मिला अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने और गहलोत के मंत्रिमंडल में डोटासरा को जगह दी गई इसके बाद 2023 के विधानसभा चुनाव में डोटासरा ने खूबसूरत चौका लगाकर लक्ष्मणगढ़ विधानसभा सीट से लगातार चौथी बार विधायक चुने गए पहली बार विधायक बनने से पहले डोटासरा वर्ष 2005 में लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति के प्रधान भी चुने गए थे प्रधान पद पर कार्यकाल पूरा होने से पहले ही 2008 के विधानसभा चुनाव आने पर उन्हें लक्ष्मणगढ़ से कांग्रेस पार्टी ने अपना उम्मीदवार बना दिया जिसमें पहले ही चुनाव में उन्होंने जीत मिली हालांकि यह कांटे की जीत थी लेकिन जीत एक वोट की भी मानी जाती है जिसमें डोटासरा तो पहले चुनाव 34 वोट से जीते थे कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि डोटासरा लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर जाति और बिरादरी के लोगों के दिलों पर वर्ष 2008 से ही राज कर रहे हैं भले ही इस दौरान प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा की सरकारी रही हो लेकिन लक्ष्मणगढ़ की जनता डोटासरा को ही अपनी सरकार मानती है ।



## एक साधारण शिक्षक किसान के बेटे डोटासरा ने अपनी मेहनत और लगन से गांधी परिवार का भी जीत लिया दिल

गोविंद सिंह डोटासरा का जन्म 1964 में सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ तहसील में कृपाराम जी की ढाणी में रहने वाले साधारण शिक्षक मोहन सिंह डोटासरा के घर हुआ घर में खेती आजीविका का साधन थी इसलिए डोटासरा ने परिवार के सदस्यों का खेती के कार्य में भी खूब सहयोग किया, खेत में जमीन जोत कर पसीना बहाया तो अपने माता-पिता से मिले संस्कारों से डोटासरा एक अच्छे संस्कारवान युवा के रूप में अपने व्यवहार और कार्य शैली से इलाके के लोगों में काफी लाडले बन गए थे सीकर के प्रतिष्ठित श्री कल्याण कॉलेज से इन्होंने बीकॉम की डिग्री हासिल की बाद में राजस्थान विश्वविद्यालय से एलएलबी की इसके बाद सीकर जिला अदालत में करीब 6 साल तक वकालत कि इस दौरान युवक कांग्रेस के लिए भी काम करते रहे वकालत के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की गतिविधियों में जबरदस्त तरीके से सक्रियता दिखाते रहे जिसकी वजह से वर्ष 2005 में लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति के सदस्य का चुनाव लड़ा और फिर प्रधान भी चुन लिए गए इसके बाद डोटासरा की राजस्थान कांग्रेस और राजस्थान की राजनीति में जो पॉलिटिकल यात्रा आज तक चली आ रही है उसे देखकर हर कोई सहज ही अंदाजा लगा सकता है कि इतने कम समय में इतनी उपलब्धियां और इतने पद हासिल करने वाले न के बराबर राजनेता है जो सिर्फ अपनी मेहनत लगन और तपस्या के दम पर कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टी में बुलंदियों पर पहुंचे हो क्योंकि राजस्थान कांग्रेस में आज भी कई बड़े नेता ऐसे हैं जो पिछले कई सालों से कांग्रेस के प्रतिष्ठित गांधी परिवार से अपना मजबूत गहरा रिश्ता बनाए हुए हैं देखा जाए तो इन नेताओं के आगे तो डोटासरा कल के नेता लगते हैं लेकिन आज डोटासरा अपनी मेहनत, लगन, नेतृत्व क्षमता और राजनीतिक कुशलता से सोनिया गांधी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के काफी विश्वासपात्र और भरोसेमंद नेता बन गए हैं दिल्ली में बैठे कांग्रेस पार्टी के कई अन्य तमाम बड़े नेता भी डोटासरा की नेतृत्व क्षमता और उनके कार्यशैली से काफी प्रभावित हैं यही वजह है कि उन्हें राजस्थान में बराबर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का बड़ा कार्य दिया हुआ है और इस कार्य में डोटासरा खुद को साबित भी करके दिखा रहे हैं जिसका ताजा उदाहरण अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीत मिलना है ।

## बेखौफ निडर नेता जो सिद्धांतों से नहीं करते समझौता

यह अपने शिक्षक पिता से मिले संस्कारों का ही परिणाम है कि गोविंद सिंह डोटासरा जो भी बोलते हैं खुलकर बोलते हैं सबके सामने बोलते हैं चाहे अपनी पार्टी से जुड़ा मामला हो या फिर दूसरे दलों और विपक्षी पार्टी की सरकारों से जुड़ा मामला हो चाहे उनकी बात किसी को कड़वी लगे या मीठी सत्य बात बोलने से कभी भी पीछे नहीं हटते और ना ही सिद्धांतों से समझौता करते हैं, बेखौफ और निडर होकर अपनी बात कहते हैं चाहे वह राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई हो या फिर सार्वजनिक सभा या फिर पार्टी की मीटिंग हो जो बात उन्हें कहनी चाहिए वह बात वह बोलकर ही रहते हैं अक्सर राजनेताओं के बारे में यह कहा जाता है कि उनकी जुबान पर दूसरी बात रहती है और दिल में दूसरी लेकिन डोटासरा एक ऐसे राजनेता माने जाते हैं जो बात उनके दिल में होती है वही बात उनकी जुबान पर आ जाती है इसीलिए उन्हें मुंहफट और बेखौफ राजनेता की उपाधि मिली हुई है हालांकि कई बार ऐसा भी हुआ है जब डोटासरा के मुंह से निकली लच्छेदार बातें और ठेठ राजस्थानी कहावतें विपक्षी दलों के नेताओं के राजनीति करने का एक माध्यम बन जाती है जिसमें पिछली गहलोत सरकार के समय शिक्षा मंत्री रहने के दौरान लोगों से मुलाकात के समय डोटासरा के जुबान से निकली कहावत 'क्या नाथी का बाड़ा समझ रखा है' यह कहावत राजनीतिक गलियारों में अब तक चर्चा का विषय बनी हुई है हालांकि डोटासरा किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे लेकिन उनका स्वभाव और नेचर बिल्कुल साधारण ठेठ ग्रामीण की जैसे रहता है इसलिए उन्होंने यह शब्द रूटीन में मुलाकात के दौरान लोगों से कहे थे लेकिन विपक्षी दलों ने डोटासरा के इस बयान को राजनीति करने का जरिया बना लिया और वे नेता 'नाथी का बाड़ा' कहकर अब तक भी डोटासरा पर तंज कसते रहते हैं लेकिन यह भी सच है कि विपक्ष के तंज कसने से डोटासरा कमजोर होने की जगह और मजबूत हुए हैं और वे पहले की तुलना में ज्यादा आक्रामक तेवर अपना कर विपक्षी दलों के नेताओं पर जमकर कटाक्ष करने में पीछे नहीं रहते ।

## अशोक गहलोत, सचिन पायलट, टीकाराम जूली जैसे नेताओं के साथ बेहतर संतुलन और तालमेल बनाकर काम करने में विश्वास करते हैं डोटासरा

पिछली गहलोत सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और गोविंद सिंह डोटासरा के बीच बहुत ही अच्छे राजनीतिक रिश्ते थे इस दौरान डोटासरा के सचिन पायलट से भी रिश्ते कभी खराब नहीं हुए डोटासरा पार्टी के ऐसे नेता माने जाते हैं जो सभी नेताओं को एक मंच पर लाकर काम करने में ज्यादा विश्वास रखते हैं इसलिए भले ही पिछले विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी को मिली पराजय से अशोक गहलोत और डोटासरा के बीच राजनीतिक दूरियां आ गई हो लेकिन अभी भी इन दोनों नेताओं के बीच काफी अच्छे पॉलिटिकल और व्यक्तिगत रिश्ते हैं इसी तरह से डोटासरा के सचिन पायलट के साथ भी कभी भी रिश्ते खराब नहीं हुए पायलट की पॉलिटिकल क्षमता और उनकी लोकप्रियता को डोटासरा ने हमेशा पूरी इज्जत दी है इसी तरह से प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली के साथ भी गोविंद सिंह डोटासरा का बहुत ही अच्छा तालमेल और समन्वय देखने को मिल रहा है इसलिए भले ही मीडिया में राजस्थान कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं के बीच आपस में मनमुटाव होने की बात चर्चा में रहे लेकिन डोटासरा पार्टी के सभी बड़े नेताओं के साथ हमेशा तालमेल और संतुलन बनाकर काम करने में ज्यादा विश्वास करते हैं इसीलिए पिछले 6 साल से डोटासरा लगातार कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद पर बने हुए हैं और पिछले 6 साल में राजस्थान में कांग्रेस पार्टी को कुछ चुनाव में पराजय का सामना भी करना पड़ा लेकिन कांग्रेस पार्टी के संगठन के मामले में डोटासरा ने कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी है जब राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी तब केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ आयोजित किए जाने वाले पार्टी के सभी तरह के कार्यक्रम धरना प्रदर्शन रैली इत्यादि सफलतापूर्वक डोटासरा के नेतृत्व में संपादित की गई आज राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है लेकिन इसके बावजूद भी डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित किए जाने वाले तमाम तरह के कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपादित किया जा रहे हैं जो यह दिखता है कि डोटासरा कितनी मजबूती और सामंजस्य के साथ प्रदेश में पार्टी को संभाले हुए हैं ।

## प्रदेश में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने में डोटासरा का बड़ा योगदान

*प्रदेश में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल स्थापित करने में शिक्षा मंत्री के रूप में गोविंद सिंह डोटासरा का बड़ा योगदान रहा है पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में कई जगहों पर अंग्रेजी स्कूलों की स्थापना की गई जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी इंग्लिश में बचपन से ही पारंगत होने लगे हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की पिछले सरकार के समय प्रदेश भर में खोले गए इंग्लिश स्कूलों में कई जगहों पर पर्याप्त शिक्षक नहीं होने की वजह से स्कूलों की शिक्षण व्यवस्था ठीक तरह से संपादित नहीं हो पाई लेकिन यह भी कहना पड़ेगा की कोई भी बड़ा प्रयोग शुरू में धरातल पर लाया जाता है तो उसमें कई तरह की समस्याएं और मुश्किलें सामने आती हैं लेकिन धीरे-धीरे मुश्किलों का समाधान भी निकलता रहता है इसलिए पिछली सरकार के समय प्रदेश भर में खोली गई महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल निश्चित रूप से प्रदेश में छात्रों में इंग्लिश के प्रति नॉलेज बढ़ाने में एक बहुत बड़ा कारगर कदम साबित होगी हालांकि प्रदेश की भजनलाल सरकार भी अब इन इंग्लिश मीडियम स्कूल की व्यवस्थाओं को मजबूती देने और सुधारने में दिलचस्पी ले रही है लेकिन यह तो कहना ही पड़ेगा की इन इंग्लिश मीडियम स्कूलों से प्रदेश के ग्रामीण मजदूर और किसान परिवार के बच्चों को काफी कुछ सीखने को मिला है जो आगे चलकर अंग्रेजी के क्षेत्र में उनके भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में काफी कारगर साबित माना जा सकता है ।*

## डोटासरा के गमछा डांस की चर्चा राजस्थान में ही नहीं बल्कि देश भर में

गोविंद सिंह डोटासरा का गमछा डांस राजस्थान में ही नहीं बल्कि दिल्ली और देश के अन्य राज्यों में भी खूब लोगों को भाता है डोटासरा जब भी कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों में या फिर अन्य किसी कार्यक्रमों में देश में जहां भी जाते हैं वहां लोग उन्हें गमछा डांस करने की फरमाइश कर देते हैं जिस पर डोटासरा लोगों को नाराज भी नहीं करते और उनकी फरमाइश के अनुसार मंच पर ही गमछा डांस करके कार्यक्रम में मौजूद लोगों को रोमांचित कर देते हैं कई बार तो ऐसा भी देखा गया जब कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं ने ही पार्टी की सभा में डोटासरा को गमछा डांस करने की फरमाइश कर दी इसलिए अपने इस डांस के माध्यम से भी डोटासरा कांग्रेस जनों में सामंजस्य और समन्वय का भाव पैदा करने का प्रयास तो करते ही हैं इसके अलावा प्रदेश के लोगों का ध्यान कांग्रेस पार्टी पर अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास करते रहते हैं डोटासरा की कोशिश यही रहती है कि चाहे कुछ भी करना पड़े और चाहे कोई सा भी तरीका अपनाना पड़े लेकिन प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का संगठन मजबूत हो और प्रदेश के लोग लगातार पार्टी से जुड़ते जाए ।

## एक श्रेष्ठ किसान कांग्रेस और जाट नेता के रूप में डोटासरा ने खुद को साबित किया

राजस्थान प्रदेश के गठन के बाद से ही राजस्थान में कांग्रेस पार्टी में किसान और जाट नेताओं का जबरदस्त वर्चस्व रहा है राजस्थान कांग्रेस में एक से बढ़कर एक किसान और जाट नेता हुए हैं जिनकी प्रतिष्ठा और वर्चस्व राजस्थान तक सीमित नहीं था बल्कि कांग्रेस पार्टी का दिल्ली दरबार भी राजस्थान कांग्रेस के नेताओं का काफी सम्मान किया करता था लेकिन यह भी सच है कि पिछले कई सालोंसे राजस्थान कांग्रेस में दबंग किसान और जाट नेताओं का टोटा पड़ गया हालांकि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष नारायण सिंह ,गोविंद सिंह डोटासरा, हरीश चौधरी, हेमाराम चौधरी जैसे नेता अब भी पार्टी में मौजूद हैं लेकिन इनमें नारायण सिंह और हेमाराम चौधरी जैसे नेताओं की आयु काफी ज्यादा हो चुकी है इसलिए ऐसे नेताओं ने स्वास्थ्य कारण की वजह से खुद को अपने घर तक सीमित कर लिया है हेमाराम चौधरी हालांकि फील्ड में जरूर नजर आते हैं लेकिन उनकी अब चुनाव लड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं रह गई है इसलिए राजस्थान कांग्रेस में अब पहले की तरह दबंग किसान और जाट नेताओं की बड़ी लिस्ट नजर नहीं आती कई नेता ऐसे भी हैं जो कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जा चुके हैं ऐसे में गोविंद सिंह डोटासरा ने काफी हिम्मत, धैर्य और कड़ी मेहनत से राजस्थान कांग्रेस में एक श्रेष्ठ किसान और जाट नेता के रूप में खुद को साबित करके दिखाया है आज डोटासरा जाट समाज के भी एक लोकप्रिय और दबंग कांग्रेस नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि राजस्थान कांग्रेस में 2-3 नेताओं के नाम संभावित मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं जिसमें एक नाम डोटासरा का भी है क्योंकि डोटासरा ने पिछले 6 साल में पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने में खुद को पूरी तरह से पार्टी के लिए समर्पित करके रखा हुआ है और तमाम कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी को लगातार मजबूती देने का काम किया है ऐसे में डोटासरा को भी मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है ।

## अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव में प्रमोद जैन भाया की जीत में डोटासरा की रही बड़ी भूमिका

राजनीतिक विश्लेषक भी यह मानते हैं कि अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी प्रमोद जैन भैया की जीत में डोटासरा की बड़ी भूमिका रही इस जीत से प्रमोद जैन भाया के पोलिटिकल कैरियर को तो गति मिली ही इसके अलावा प्रमोद जैन भाया से ज्यादा गोविंद सिंह डोटासरा के लिए यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण था और जब यहां कांग्रेस पार्टी को जीत मिली तो इससे डोटासरा की पॉलीटिकल दक्षता और उनके नेतृत्व क्षमता में और चार चांद लग गए इस चुनाव नतीजे से डोटासरा की पार्टी के दिल्ली दरबार में काफी प्रभाव कायम हुआ है क्योंकि यह चुनाव जीतना कांग्रेस पार्टी के लिए काफी मुश्किल था लेकिन डोटासरा ने इस उपचुनाव में चुनाव प्रबंधन और चुनाव प्रचार की जो रणनीति तैयार की वह वास्तव में काबिले तारीफ थी एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेता और सरकार से जुड़े नेता बड़ी-बड़ी जनसभाएं आयोजित करके खुले में पार्टी का अच्छा वातावरण दिखाने का प्रयास कर रहे थे तो दूसरी तरफ डोटासरा ने गुपचुप में जमीनी तौर पर पार्टी के चुनावी प्रबंधन और चुनाव प्रचार को गति देने के प्लान पर काम किया जिसमें उन्हें सफलता भी मिली डोटासरा ने इस उप चुनाव में अपने पूरे राजनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया उसी का परिणाम रहा की राजस्थान और दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बावजूद भी यहां वसुंधरा राजे जैसी बड़ी राजनीतिक हस्ती के क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी ने उपचुनाव में जीत हासिल की इसलिए इस जीत के बाद डोटासरा के नेतृत्व क्षमता और उनकी पॉलिटिकल कुशलता की जयपुर से लेकर दिल्ली तक खूब चर्चा हुई ।

## शिक्षा मंत्री के कार्यकाल में कई निर्णय को लेकर चर्चा में रहे डोटासरा


पिछली गहलोत सरकार में शिक्षा मंत्री के रूप में डोटासरा कई निर्णय को लेकर चर्चा में रहे और भाजपा के निशाने पर भी लगातार रहे जिसमें डोटासराने सामाजिक विज्ञान की किताब में वीर सावरकर के चैप्टर को हटाने का भी एक निर्णय था जिसमें डोटासरा का कहना था कि सावरकर वीर नहीं थे क्योंकि उन्होंने जेल से छूटने के लिए ब्रिटिश सरकार से क्षमा याचना मांगी थी इसलिए उन्हें वीर नहीं कहा जा सकता इस निर्णय को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा में काफी हंगामा और विरोध किया था इसी तरह से हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप को जीत मिलने का जो चैप्टर था उस पर डोटासराने एतराज जताया था और कहा था कि हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप को पराजय मिली थी जीत नहीं मिली थी इसलिए छात्रों को गलत जानकारी नहीं दी जा सकती यह कहकर उन्होंने चैप्टर में बदलाव करने की बात कही थी ऐसे और भी निर्णय थे जो राजस्थान विधानसभा में ही नहीं बल्कि राजस्थान की राजनीति में कई दिनों तक चर्चा का केंद्र बिंदु बन रहे।

## सम्पादकीय

# थम नहीं रहा दहेज के नाम पर मौत का सिलसिला



इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि देश में सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद दहेज के लिए विवाहिता की हत्या या उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। इक्कीसवीं सदी में शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने के बावजूद इस मामले में समाज के एक हिस्से की रूढ़िवादी मानसिकता नहीं बदली है। यही नहीं, कानूनों को सख्ती से लागू करने के मामले में भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही देखी जाती है, जिस कारण इस कुप्रथा की जड़ें नष्ट होने के बजाय गहरी होती जा रही हैं। इसका दंश महिलाओं के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी जान पर भी भारी पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपने एक फैसले में इस पर गहरी चिंता जताई और दहेज के मामलों में महिलाओं की मौत की घटनाओं को समाज पर गहरा धब्बा करार दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस सामाजिक कुरीति के कारण आज भी हजारों महिलाएं बेमौत मारी जाती हैं। सरकारी स्तर पर देश में दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि इसकी वास्तविक तस्वीर बेहद चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में दहेज संबंधी अपराधों के तहत दर्ज मामलों में चौदह फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। देश भर में इससे संबंधित पंद्रह हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए, जिनमें छह हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत हो गई। जबकि वर्ष 2022 और 2021 में यह संख्या क्रमशः 13,479 और 13,568 थी। सवाल है कि इस तरह की घटनाओं पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है? क्या वजह है कि दहेज प्रथा को बढ़ावा देने वालों में कानून का जरा भी खौफ नहीं है! इसके लिए निश्चित तौर पर कानून प्रवर्तन एजंसियों का ढुलमुल रवैया भी जिम्मेदार है। पुलिस की लापरवाही की वजह से कई बार दहेज से संबंधित मामलों के आरोपी अदालत में सबूतों के अभाव में बरी हो जाते हैं। कई दफा पीड़ित महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जो पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। दहेज प्रथा केवल सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि मानवाधिकारों और गरिमा का भी गंभीर उल्लंघन है। मगर कई मामलों में पीड़ित महिलाओं के परिजन कानूनी जागरूकता की कमी और सामाजिक दबाव के कारण पुलिस में शिकायत तक दर्ज नहीं करा पाते। ऐसे में इस बात पर गहराई से विचार करने की जरूरत है कि क्या भौतिक वस्तुएं, पैसा और झूठी शान किसी महिला की जान से ज्यादा मूल्यवान है! इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि दहेज उत्पीड़न या हत्या के मामलों की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया को आसान बनाया जाए और ऐसे मामलों को गंभीरता से लेकर उनकी गहन जांच की जाए। इस तरह के मामलों की सुनवाई त्वरित अदालतों में की जानी चाहिए, ताकि पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिल सके। इसके साथ ही सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता और अन्य पहलों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है, जैसे महिलाओं को शिक्षित और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा बेटियों को लेकर समानता आधारित दृष्टिकोण को धरातल पर सही मायने में अमल में लाना। सच यह है कि कानूनी सख्ती के समांतर जब तक समाज की सोच नहीं बदलेगी, तब तक किसी भी कुरीति को पूरी तरह खत्म कर पाना संभव नहीं है।



## कहानी

### राजा परीक्षित का शाप

कौशिकी नदी के तटपर अत्यन्त रमणीय प्राकृतिक स्थानपर शमीक ऋषि का आश्रम था । शमीक ऋषि महान तपस्वी तथा परोपकारी स्वभाव के थे । अनेक ऋषिकुमार उनके पास वेदों का अध्ययन करने के लिए रहते थे । शमीक ऋषि का पुत्र शृंगी भी उन ऋषिकुमारों के साथ रहकर अध्ययन कर रहा था । एक दिन वे सब ऋषिकुमार उस उपवन में होम के लिए समिधा (लकडियां) लाने गए थे । उनके साथ शृंगी भी गया था । उस समय शमीक ऋषि आश्रम में ही ध्यान-धारणा में लीन बैठे थे । नेत्रों को मूंदकर ब्रह्मसुख का अनुभव करते हुए शमीक ऋषि समाधि अवस्था में थे । वे बाह्य जगत को पूर्णतः भूल गए थे । ऐसे समय आश्रम में कौन आया, कौन गया, इसका पता उन्हें कैसे चलता ! दोपहर का समय था । प्रखर धूप से शरीर तप रहा था । राजा परीक्षित आखेट के लिए वन में भटकते-भटकते बहुत थक गए थे और प्यास से व्याकुल भी हो गए थे । उन्हें विश्राम की अत्यन्त आवश्यकता थी । घूमते-घूमते राजा परीक्षित शमीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे । इस स्थानपर मुझे पानी मिलेगा, मेरी प्यास बुझेगी, थोडा विश्राम मिलेगा और तपोनिधि शमीक ऋषि का सत्संग मिलेगा, इस आशा से परिक्षित उस आश्रम में पहुंचे । किन्तु, वहां पूर्णतः सन्नाटा छाया हुआ था । राजा का स्वागत करने कोई नहीं आया । इससे राजा को आश्चर्य हुआ । प्यास से व्याकुल राजा आश्रम में पानी खोजने लगे । तभी सामने शमीक ऋषि बैठे दिखाई दिए । उन्हें आनंद हुआ । उन्होंने ऋषि को प्रणाम कर विनम्रता से कहा, 'मुनिवर, मुझे बहुत प्यास लगी है; पानी दीजिए !' राजाने उन्हें दो-तीन पुकारा; किन्तु कोई लाभ नहीं हुआ । राजा को लगा कि 'ऋषि आंखें मूदकर ध्यान का ढोंग कर रहे हैं और मेरा अपमान करने के लिए जानबूझकर मौन धारण किए हुए हैं ! तो ठीक है, मैं भी इस ढोंगी ऋषि का अपमान करूंगा ! प्यास से व्याकुल राजा इस अपमान से बहुत क्रोधित हुआ । इससे उसन का विवेक नष्ट हो गया । क्रोध में पैर पटकते हुए वे आश्रम से बाहर आए । इतने में राजा को एक वृक्ष के नीचे एक मरा हुआ सांप दिखाई दिया । राजाने उस मरे सांप को धनुष की टोक से उठाया और आश्रम में लौटकर ऋषि के गले में डाल दिया । परीक्षित राजा को आश्रम से जाते हुए एक-दो ऋषिकुमारों ने दूर से ही देखा था । उन्होंने शृंगी को यह बात बताई । तब शृंगीने कहा, 'मित्रो, अब हम आश्रम चलें ! पिताजी ध्यानमग्न हैं । आए हुए राजा का हमें स्वागत करना चाहिए !' झप-झप पैर बढाते हुए आश्रम से बाहर जा रहे राजा को उन ऋषिकुमारों ने पुकारा । किन्तु, राजा नहीं लौटे, न पीछे मुडकर देखा ही ! पश्चात, शृंगी के साथ वे ऋषिकुमार आश्रम में आए और क्या देखते हैं ! ध्यानमग्न शमीक ऋषि के गले में मरा हुआ सांप डाला गया है । मेरे पिता का अपमान उस राजाने किया है, यह देखकर शृंगी को अत्यन्त क्रोध हुआ । क्रोध से लाल हुए शृंगीने हवनशाला में रखे कमण्डल से पानी हाथ में लेकर उसे भूमिपर फेंकते हुए शाप दिया, 'मेरे ऋषि पिता का ऐसा अपमान करनेवाले उस नराधम परीक्षित राजा की मृत्यु आज से सातवें दिन नागराज तक्षक के काटने से होगी !' शृंगी का यह भयंकर शाप सुनकर सब ऋषिकुमार अत्यन्त भयभीत हुए ।

# विश्व को संकट में डालने वाला युद्ध

*अमेरिका की मानें तो वह कई मध्यस्थों के जरिये ईरान से बात कर रहा है। इन मध्यस्थों में मिस्र, तुर्किए के साथ पाकिस्तान का भी नाम है। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण पाकिस्तान अमेरिका के लिए उपयोगी है। अमेरिका उसके जरिये ईरान में दखल देने की स्थिति में है। एक समय अमेरिका ने पाकिस्तान के सहारे ही अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप किया था। माना जाता है कि ईरान को निशाने पर लेने की रणनीति के कारण ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तान से नजदीकी बढ़ाई थी। जो भी हो, पाकिस्तान भले ही परमाणु हथियारों से संपन्न एक मात्र इस्लामी देश होने के कारण अपने को मुस्लिम देशों के बीच विशिष्ट समझता हो, लेकिन उसकी अंतरराष्ट्रीय साख चौपट है और वह बिल्कुल भी विश्वसनीय देश नहीं, इसीलिए वह अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कर सकने की स्थिति में नहीं। खुद उसके विदेश मंत्री कह रहे हैं कि पाकिस्तान दोनों देशों के बीच केवल संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा है। ऐसा करते हुए वह अमेरिका से अपने स्वार्थ सिद्ध करने की कोशिश करे तो हैरानी नहीं। वह अपने फायदे के लिए खुद का इस्तेमाल करने और दोस्ती के नाम पर धोखा देने में माहिर है।*



यदि पश्चिम एशिया संकट के चलते ऊर्जा संकट कायम रहा तो दुनिया भर में उद्योग-धंधों के बंद होने का सिलसिला तेज होने के साथ लोगों की परेशानी अत्यधिक बढ़ जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच पिछले लगभग एक माह से जारी युद्ध को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप रोकने की कोशिश करते तो दिख रहे हैं, लेकिन वे इसमें सफल होते नहीं नजर आ रहे हैं। इसका कारण उनका विरोधाभासी और अविश्वसनीय रवैया है। वे ईरान को धमका भी रहे हैं और उसे युद्ध विराम की पेशकश भी कर रहे हैं।


उन्होंने ईरान से बातचीत का हवाला देते हुए पहले उसके बिजली और ऊर्जा ठिकानों पर पांच दिनों तक हमले टालने की घोषणा की, फिर इस अवधि को और आगे बढ़ा दिया। इस बीच उन्होंने ईरान के समक्ष जो 15 सूत्रीय युद्ध विराम प्रस्ताव रखा, उसके जवाब में उसने भी अपनी पांच शर्तें रख दीं। 15 सूत्रीय प्रस्ताव और पांच शर्तों के चलते दोनों पक्षों के बीच किसी सार्थक बातचीत के आसार कम ही हैं, क्योंकि दोनों के बीच भरोसे का अभाव है। समस्या यह भी है कि ट्रंप की किसी बात का भरोसा नहीं। ईरान ने यह समझ लिया है कि वह समुद्री मार्ग होर्मुज पर अपना दबदबा बनाए रखकर और उसे बाधित कर अमेरिका को झुका सकता है, क्योंकि इस मार्ग के बंद होने से उपजा ऊर्जा संकट विश्वव्यापी रूप ले चुका है।

अमेरिका की मानें तो वह कई मध्यस्थों के जरिये ईरान से बात कर रहा है। इन मध्यस्थों में मिस्र, तुर्किए के साथ पाकिस्तान का भी नाम है। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण पाकिस्तान अमेरिका के लिए उपयोगी है। अमेरिका उसके जरिये ईरान में दखल देने की स्थिति में है। एक समय अमेरिका ने पाकिस्तान के सहारे ही अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप किया था। माना जाता है कि ईरान को निशाने पर लेने की रणनीति के कारण ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तान से नजदीकी बढ़ाई थी। जो भी हो, पाकिस्तान भले ही परमाणु हथियारों से संपन्न एक मात्र इस्लामी देश होने के कारण अपने को मुस्लिम देशों के बीच विशिष्ट समझता हो, लेकिन उसकी अंतरराष्ट्रीय साख चौपट है और वह बिल्कुल भी विश्वसनीय देश नहीं, इसीलिए वह अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कर सकने की स्थिति में नहीं। खुद उसके विदेश मंत्री कह रहे हैं कि पाकिस्तान दोनों देशों के बीच केवल संदेशों का आदान-प्रदान कर रहा है। ऐसा करते हुए वह अमेरिका से अपने स्वार्थ सिद्ध करने की कोशिश करे तो हैरानी नहीं। वह अपने फायदे के लिए खुद का इस्तेमाल करने और दोस्ती के नाम पर धोखा देने में माहिर है। इसीलिए भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने उसे दलाल देश की संज्ञा दी। यह एक सही संज्ञा है। ट्रंप ईरान को लेकर तरह-तरह के बयान देने के साथ ऐसे संकेत भी दे रहे हैं कि वे इस युद्ध को रोकना चाह रहे हैं। उनके ऐसे संकेतों का असर शेयर मार्केट में देखने को मिल रहा है, लेकिन यह कहना कठिन है कि युद्ध खत्म होने के करीब है, क्योंकि ईरान और इजरायल के हमले जारी हैं। होर्मुज मार्ग भी खुलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। इस युद्ध को लेकर अनिश्चितता के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री से वार्ता की। कहना कठिन है कि इस वार्ता में क्या बात हुई। जो भी हो, भारत यह चाहता है कि होर्मुज स्ट्रेट जल्द खुले, ताकि ऊर्जा संकट खत्म हो। भारत अपनी ओर से अमेरिका-ईरान के बीच मध्यस्थता की पेशकश कर सकता है, लेकिन शायद वह फिलहाल इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है कि उसके जहाज होर्मुज से निकलते रहें और ईरान से संबंध सामान्य बने रहें। अमेरिका और ईरान के बीच कोई सार्थक बात हो या नहीं, इस युद्ध का रुकना आवश्यक है, क्योंकि पश्चिम एशिया में छाए संकट के कारण पैदा ऊर्जा संकट पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। यदि युद्ध के चलते अगले कुछ दिनों में ऊर्जा संकट में कमी नहीं आई तो उद्योगों के बंद होने का सिलसिला तेज होने के साथ दुनिया भर में लोगों की परेशानी अत्यधिक बढ़ जाएगी। अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में आश्चर्यजनक रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अब तक जो भूमिका रही है, वह एक असहाय संगठन की सी रही है। सुरक्षा परिषद एक निष्क्रिय और निष्प्रभावी संस्था बनकर रह गई है। वह विश्व के किसी भी संकट को सुलझा पाने में नाकाम है। सुरक्षा परिषद के पांच देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन हैं। चीन को इस युद्ध से कोई खास नुकसान नहीं। वह अमेरिका को परेशान होता देख प्रसन्न है। रूस तो एक तरह से फायदे में है, क्योंकि उसे तेल बेचने की छूट मिल गई है। अमेरिका अपने अहं से ग्रस्त है। चूंकि ब्रिटेन एवं फ्रांस की अंतरराष्ट्रीय अहमियत कम हो गई है, इसलिए वे कुछ करने की स्थिति में नहीं। यह देखने में आ रहा है कि जब भी सुरक्षा परिषद के सदस्यों में से कोई देश किसी युद्ध में शामिल हो जाता है तो यह संस्था और नाकाम हो जाती है।

# आह ताज!

*क्या यह सोचने की बात नहीं कि मुहब्बत की इस नूरानी निशानी को देखने को तरसने वालों ने इससे मुंह क्यों मोड़ा? यहां आने वालों को यहां की बदइंतजामी का सहज ही अंदाजा हो जाता है। ताज की सुरक्षा में लगे जवानों से लेकर यहां खुद पैदा हुए गाइडों की बेरुखी भी ताज के दीदार में बाधक बनती है। हालांकि उस गाइड की बेरुखी तब गायब हो जाती है जब आप मुहब्बत की इस निशानी को देखने के लिए उसे अपना मार्गदर्शक बनाते हैं। बाकी आपको तिरस्कार से ही देखते हैं। ताज की सुरक्षा की जरूरत से किसी को इनकार नहीं, लेकिन उसके कारण अदब से नाता तोड़ना कोई समझदारी की बात नहीं। खासतौर पर तब जबकि ऐसे ही कारणों से पर्यटक अतीत की इस नूरानी निशानी से दूर हो रहे हैं। ताज को नजरों के जरिए अपनी रूह में बसा लेने वाले विदेशी पर्यटकों में यह कमी कोई अचानक नहीं आई है। सर्वेक्षण की मानें तो यह कमी*

सत्रहवीं शताब्दी में निर्मित वास्तुशिल्प के इस हैरतअंगेज शाहकार को लेकर कवियों-शायरों की कलम ने खुल कर अपना इजहारे-खयाल किया। लेकिन लगता है कि अपराध और मुनाफाखोरी के इस दौर में ताज को देखने के ख्वाहिशमंदों ने साहिर लुधियानवी के ताजमहल के प्रति जज्बात को कुछ ज्यादा ही संजीदगी से ले लिया। यह दीगर है कि ताजमहल से मुंह मोड़ने के कारण अलग हैं। साहिर ने बेपनाह मुहब्बत के इस नमूने को अपनी मुफलिसी का मजाक समझा और अपनी प्रेयसी से इसरार किया कि वह उसे शानो-शौकत और शाही दंभ की इस मिसाल से परे कहीं दूर मिले, लेकिन ताज पर पिछले वर्ष दाखिल पदचापों की कमी के कारण को अगर जानने की कोशिश की जाए तो जाहिर है कि उसका बायस साहिर की शायराना सोच से इतर है। शहर में दाखिल होते ही इस बात का साफ इशारा मिला कि बाहुबल के लिए मशहूर उत्तर प्रदेश की सरकार को शायद ही अपनी अप्रतिम विरासत का कोई खास अहसास है। चमकते नीले रंग के होर्डिंग्स को अगर छोड़ दें तो आगरा की हद में दाखिल होते ही शहर अव्यवस्था व कमजोर आंतरिक ढांचे की लगभग दुहाई देता महसूस होता है। यह बदकिस्मती नहीं तो क्या है कि पंद्रहवीं शताब्दी से लेकर मुगल सल्तनत के एक अहमतरीन वक्फे तक देश की राजधानी रहे इस शहर पर अब प्रशासनिक नजरअंदाजी का काला साया है। जिन लोगों ने पिछले दो दशक तक अलग-अलग समय पर ताजमहल को देखा है, उनको यहां पर विदेशी पर्यटकों की कमी सहज ही खलती है। यहां अब विदेशी सैलानियों की वैसी हलचल नहीं, जैसी अतीत में रहती रही है। यह बात अभी हाल ही में पर्यटन मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी सामने आई है। जिसके मुताबिक देश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में इतनी बढ़ोतरी हुई कि उपेक्षित हो रहे पर्यटन की हौसलाआफजाई हुई है। लेकिन ताजमहल का दीदार करने आने वालों की संख्या में 8.4 फीसद की कमी दर्ज की गई है। क्या यह सोचने की बात



नहीं कि मुहब्बत की इस नूरानी निशानी को देखने को तरसने वालों ने इससे मुंह क्यों मोड़ा? यहां आने वालों को यहां की बदइंतजामी का सहज ही अंदाजा हो जाता है। ताज की सुरक्षा में लगे जवानों से लेकर यहां खुद पैदा हुए गाइडों की बेरुखी भी ताज के दीदार में बाधक बनती है। हालांकि उस गाइड की बेरुखी तब गायब हो जाती है जब आप मुहब्बत की इस निशानी को देखने के लिए उसे अपना मार्गदर्शक बनाते हैं। बाकी आपको तिरस्कार से ही देखते हैं। ताज की सुरक्षा की जरूरत से किसी को इनकार नहीं, लेकिन उसके कारण अदब से नाता तोड़ना कोई समझदारी की बात नहीं। खासतौर पर तब जबकि ऐसे ही कारणों से पर्यटक अतीत की इस नूरानी निशानी से दूर हो रहे हैं। ताज को नजरों के जरिए अपनी रूह में बसा लेने वाले विदेशी पर्यटकों में यह कमी कोई अचानक नहीं आई है। सर्वेक्षण की मानें तो यह कमी पिछले तीन-चार सालों में बढ़ती चली जा रही है। लिहाजा इस पर अफसोस से अलग और क्या हो सकता है कि केंद्र या राज्य सरकार किसी को भी इस बात की चिंता नहीं कि इस पर रोक लगाई जाए।

ताज के आसपास मुनाफाखोरों पर भी सरकार का कोई अंकुश नहीं और न ही इसे व्यवस्थित करने की कोई कोशिश। आगरा में अपराधी भी बेरोकटोक हैं। पिछले साल ताज के पर्यटन केंद्र पर विदेशियों की ओर से छह और कुल डेढ़ दर्जन एफआइआर दर्ज की गई। यहां होने वाली छोटी-मोटी चोरियों व ठगी का तो शायद ही कोई हिसाब हो। यही वजह है कि लोग अब यहां का रुख करने से कतराने लगे हैं। इतने सालों से सरकार यहां वाहनों की पार्किंग के लिए भी कोई व्यावहारिक ढांचा खड़ा नहीं कर पाई। यही वजह है कि यहां की सड़कों पर अराजकता का आलम है। देश-विदेश में ऐसे आकर्षणों पर पर्यटन का विस्तार इश्तहारों से ज्यादा मुंहजबानी प्रचार पर चलता है। बदइंतजामी के कारण अब ताज का बार-बार दीदार करने की तमन्ना का लोग खुद ही गला घोंटने लगे हैं।

# प्रगति को नए पंख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन करते हुए इसे उचित ही भारत की नई ऊर्जा का प्रतीक कहा। इस एयरपोर्ट की आवश्यकता केवल इसलिए नहीं बढ़ गई थी, क्योंकि दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दबाव बहुत बढ़ गया था। इसकी आवश्यकता इसलिए भी थी ताकि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की कनेक्टिविटी को बल दिया जा सके। एयरपोर्ट महज आवागमन की सुविधा भर नहीं होते, वे प्रगति को नए पंख भी प्रदान करते हैं। यह एयरपोर्ट एनसीआर के साथ ही उत्तर प्रदेश के एक बड़े क्षेत्र के लिए उपलब्धि भी है और अवसर भी। इसके भरे-पूरे आसार दिख रहे हैं कि नोएडा एयरपोर्ट इस क्षेत्र



के विकास को नई गति प्रदान करने के साथ ही यहां के युवाओं एवं कारोबारियों को तरक्की के नए अवसर भी प्रदान करेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ उत्तर प्रदेश पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का पहला राज्य बन गया है। निःसंदेह यह भी उत्तर प्रदेश के लिए एक उपलब्धि है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि पिछले कुछ समय से देश में हवाई अड्डों की संख्या तेजी के साथ बढ़ी है। आज से 15 साल पहले देश में लगभग 75 एयरपोर्ट थे, आज उनकी संख्या 160 से अधिक हो चुकी है। इसका सीधा अर्थ है कि देश प्रगति कर रहा है और हवाई संपर्क नए-नए क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। आज के युग में यह धारणा सही नहीं कि हवाई यात्रा सिर्फ धनी वर्ग के लिए ही संभव है। वास्तव में अब यह आम आदमी की भी जरूरत बन गई है। इसमें संदेह नहीं कि देश में हवाई यात्रा सुविधा का विस्तार हो रहा है, लेकिन अभी उड्डयन क्षेत्र में काफी कुछ करने की आवश्यकता है। इसका संकेत प्रधानमंत्री के इस कथन से मिलता है कि अभी अपने देश में हवाई जहाजों की सर्विसिंग की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। यह आश्चर्यजनक है कि आज भी 85 प्रतिशत हवाई जहाजों को सर्विसिंग के लिए विदेश भेजना पड़ता है। यह अच्छा हुआ कि नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर, ओवरहाल) सुविधा का भी उद्घाटन हुआ। यह सुविधा देश के अन्य हवाई अड्डों पर भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसी के साथ इस पर भी सभी राजनीतिक दलों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि आखिर बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं की परिकल्पना एवं उनके क्रियान्वयन में इतना अंतर क्यों हो जाता है?

## श्री चरण कमल साहिब गुरुद्वारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रकाशोत्सव



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** श्री दादूधाम नरैना कस्बे के दूदू रोड़ पर स्थित श्री चरण कमल साहिब गुरुद्वारा में रविवार को हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ प्रकाशोत्सव मनाया गया। गुरूद्वारा के सेवादार बाबा बलविन्द्र सिंह ने बताया कि रविवार को धार्मिक दीवान सजाया गया। जिसमें हजूरी रागी श्री दरबार साहिब, अमृतसर से पधारे भाई शुभदीप सिंह ने व हजूरी कथा वाचक श्री हरमंदिर पटना साहिब- बिहार से पधारे भाई सतनाम सिंह ने शबद कीर्तन कर गुरूवाणी का बखान कर उपस्थित श्रद्धालुओं को निहाल किया। लाडी होटल के संचालक सरदार गुरमीत सिंह ने बताया कि दिन भर गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। वहीं उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए आइसक्रीम, नमकीन छाछ, बनाना शेक सहित फलों का वितरण किया गया। सेवादार निहाल सिंह ने बताया कि सेवादार बाबा बलविन्द्र के नेतृत्व में शुक्रवार से रविवार तक गुरूद्वारा के बाहर राहगीरों व वाहन चालकों को शहद जैसा मीठा शीतल गन्ना रस पिलाया गया। प्रकाशोत्सव के दौरान गुरूद्वारा को रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी से सजाया गया। बता दें कि गुरू गोविन्द सिंह पंजाब के तलवंडी साबों से महाराष्ट्र के हजुर साहिब नांदेड़ जाते समय कुछ दिनों तक सगंत के नरैना में ठहराव किया था।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 5 मरीज चयनित, निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

**नावांसिटी(निस)।** उपखण्ड मुख्यालय स्थित आदर्श विद्या मंदिर, नावां में रविवार को विद्या भारती के तत्वावधान में 7 वां निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 17 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 5 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। शिविर प्रभारी व विद्यालय प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष तुलसीराम राजस्थानी ने बताया कि इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में खेती के कार्यों की व्यस्तता के चलते अपेक्षाकृत कम संख्या में मरीज जांच के लिए पहुंचे। चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए जयपुर स्थित मोती डूंगरी के सहाय हॉस्पिटल भेजा गया है, जहां उनका निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष मदनलाल पीपलोदा, प्रधानाचार्य रामप्रसाद कुमावत, भंवरलाल जाखड़ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** तिगरिया रोड निवाना स्थित जीआईसी और ओएसके स्कूल में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन गोविंदगढ़ थाना अधिकारी विनोद सांखला के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान के वरिष्ठ भामाशाह ताराचंद खंडेलवाल, खेजरोली चौकी प्रभारी धर्मपाल यादव, निवाना सीनियर स्कूल के प्रधानाचार्य हरिराम यादव, तिगरिया सीनियर स्कूल के प्रधानाचार्य विकास यादव, रामनिवास यादव, रामनारायण यादव, नानू कुमावत, पवन अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, दिनेश सैनी, प्रेम प्रकाश अग्रवाल सहित कई लोगों ने शिरकत की। संस्था चेयरमैन और पूर्व जिला पार्षद हनुमान सहाय दुसाद ने बताया कि स्कूल में 90' से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10 के 27 बच्चों का सम्मान किया। वहीं विद्यालय ने 100' परिणाम देकर क्षेत्र में इतिहास रचा। सभी बच्चों का माला, साफा और मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर के कुमावत ने किया।

## सीबीआई में पदोन्नति पर अखिल यादव का भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**नावांसिटी(निस)।** नावां शहर में खुशी और उत्साह का माहौल उस समय देखने को मिला जब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में सब-इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत हुए अखिल यादव का शहर आगमन हुआ। इस अवसर पर उनके मित्रों, शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत कर गौरव का अनुभव किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान अखिल यादव को फूलमालाओं से लादकर सम्मानित किया गया तथा पारंपरिक साफा बांधकर उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने तालियों की गूंज के बीच उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे आयोजन में उल्लास और गर्व का वातावरण बना रहा। मित्रों और परिचितों ने कहा कि अखिल यादव की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नावा शहर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं। कार्यक्रम में महेंद्र पारीक, महावीर जांगिड़, अंकित शर्मा, राकेश जांगिड़, कमलेश पारीक, इंतजार खान, महेश यादव, सुनील चौधरी, नवीन सोनी, सतीश जांगिड़ और ललित शर्मा सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

# चाकसू में निकली भव्य रामनवमी शोभायात्रा, श्रद्धा और भक्ति से गूंज उठा नगर

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर शनिवार को चाकसू कस्बे में श्री राम नवमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। नगर भर में रामभक्ति और उत्साह का अद्भुत समागम देखने को मिला। शोभायात्रा का शुभारंभ गणेशपुरी धाम से हुआ, जहां महंत राजेन्द्र पूरी जी महाराज, चाकसू विधायक रामावतार बैरवा,कैलाश शर्मा पूर्व कर्षि मंडी अध्यक्ष ने भगवान श्रीराम की आरती के बाद गाजे-बाजे के साथ यात्रा रवाना किया। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों—कोटखावदा मोड़, इंदिरा बाजार, पुरानी अनाज मंडी, मुख्य बाजार, तहसील चौराहा, सब्जी मंडी, गांधी स्मारक रोड, फागी मोड़ व टोंक रोड से होते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। तहसील



चौराहा स्थित श्री राम मंदिर पर विशेष आरती व हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ। नीलकंठ महादेव मंदिर में भव्य महाआरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। नीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण में परमवीर जी प्रान्त संयोजक का बोद्धिक भी आयोजित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की रीति-नीति, धार्मिक आयोजनों में युवाओं की भागीदारी, गौ-रक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं जीव रक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है, इसलिए युवाओं को केवल शिक्षा ही नहीं, संस्कृति, सेवा और संगठन के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग से जुड़कर कार्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि धार्मिक आयोजन केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता, सेवा और एकता का माध्यम बनें। साथ ही महिलाओं की सहभागिता, बाल संस्कार केंद्रों की स्थापना, ग्राम विकास व आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर भी उन्होंने प्रेरक बातों से उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, भारत माता, बजरंगबली व अन्य धार्मिक झांकियों के अलावा डीजे, भक्ति संगीत, भगवा ध्वजों और सजे हुए रथों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। महिलाएं, बच्चे, युवा व बुजुर्ग सभी यात्रा में उत्साहपूर्वक शामिल हुए। महा आरती के पश्चात रामनवमी महोत्सव समिति के संयोजक सत्यनारायण खण्डेलवाल ने पधारे हुए राम भक्तो का धन्यवाद ज्ञापित किया। विशाल शोभायात्रा में महेश शर्मा प्रखंड अध्यक्ष विहिप,केशव गौतम जिला मिलन प्रमुख, बलराम शर्मा, रमेश साहू प्रखंड मंत्री, नवीन खंडेलवाल प्रखंड मिलन प्रमुख, मोहित अग्रवाल, सुनील शर्मा नगर मिलन प्रमुख, अक्षय शर्मा प्रखंड संयोजक,रामराज गौतम जिला कार्यकारिणी सदस्य,अर्पित अग्रवाल ने नगर के विभिन्न समाजसेवी संगठनों, व्यापार मंडल और युवाओं की टीमों ने व्यवस्था संभाली और श्रद्धालुओं के लिए जलपान, पेयजल व छाया की सुविधा सुनिश्चित की गई। समूचा आयोजन शांतिपूर्ण, अनुशासित और उत्सवमय वातावरण में संपन्न हुआ।शोभायात्रा में कौशल वाल्मीकि प्रखंड सह संयोजक, महेश शर्मा,विनोद राजोरिया, कृष्ण बिहारी शर्मा, आशीष गुप्ता पार्षद, दिनेश शर्मा पार्षद, गिरिराज बैरवा, लाला राम जादम, सहित सभी हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 60 गांवों में गूंजा भक्ति का जयघोष

## राजा रघुनाथ सिंह जी की 425वीं जयंती पर नावां में निकली भव्य रथ यात्रा

जयपुर टाइम्स

**नावांसिटी(निस)।** लोक देवता राजा रघुनाथ सिंह जी की 425वीं जयंती के उपलक्ष्य में नावां विधानसभा क्षेत्र में द्वितीय दिवस पर भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक रथ यात्रा ने क्षेत्र के करीब 60 गांवों को भक्ति और उत्साह के रंग में रंग दिया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की। रथ यात्रा का शुभारंभ कुचामन सिटी स्थित आयुवान निकेतन से भगवान सिंह रसाल व उदय सिंह खारिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद यात्रा पूरे क्षेत्र में निकाली गई, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। नावां शहर के प्रमुख स्थानों—श्री श्याम बाल निकेतन स्कूल, पुराना बस स्टैंड, गर्ल्स स्कूल चौराहा, करणी कृपा होटल एवं राजा रघुनाथ सिंह सर्किल—पर मातृशक्ति सहित सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और रथ यात्रा का स्वागत किया। पूरे मार्ग में जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा। करीब 150 वाहनों के काफिले के साथ निकली इस रथ यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आयोजन में संस्थान अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राजलिया, सचिव धर्मेंद्र सिंह लिचाना, सह सचिव मूल सिंह बावली गुड़ा, उपाध्यक्ष बजरंग सिंह बरजन, कोषाध्यक्ष राम सिंह बरजन एवं विधि



सलाहकार गोपाल सिंह राजलिया सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे। इसके अलावा दयाल सिंह कांकरा, दिपेंद्र सिंह खुशियां, श्रीपाल सिंह रसाल, दिपेंद्र सिंह आऊ, नारायण सिंह बरजन, गोरधन सिंह लिचाना, रविंद्र सिंह पांचोता, राजपाल सिंह रेवासा, महिपाल सिंह रेवासा, ओंकार सिंह रेवासा, धर्मेंद्र सिंह भूणी, सुल्तान सिंह भूणी, लोकेंद्र सिंह (पूर्व सरपंच, मीठड़ी), मनमोहन सिंह लिचाना, भवानी सिंह मीठड़ी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी यात्रा में शामिल हुए।

पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि जयंती महोत्सव के तहत आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।


## मेहनत का मिला मानः शारदा स्कूल में छात्रों का भव्य सम्मान



जयपुर टाइम्स

**नावांसिटी(निस)।** शारदा बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक हरिओम प्रसाद शर्मा, प्रधानाचार्य कंचन शर्मा सहित विशिष्ट अतिथियों—भंवरू खां, सुरेश गौड़, बिट्ठल प्रसाद शर्मा, गोविन्द जी टेलर, कैलाश मिश्रा, गूदड़मल लढ़ा, संगीता अग्रवाल एवं कुसुम अग्रवाल ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का माला एवं दुपट्टा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर निदेशक हरिओम प्रसाद शर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रधानाचार्य कंचन शर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करते हुए निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं में 90' से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का विशेष सम्मान किया गया। इनमें वर्षा गौड़ (97.17'), लक्षिका खंडेलवाल (95.50'), दिव्यांश प्रधान (95.17'), भावना शर्मा (94.50'), तनिष्का जैन (94.50'), दीपक प्रजापति (93.83'), राही बजाज (91.67') एवं पुलकिता सोनी (90.67') शामिल रहे। सभी छात्रों को माला, दुपट्टा व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 8वीं में, ग्रेड प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं—आरव वर्मा, आरती, अनीशा परवीन, अंजना, अनुष्का, अनुष्का बाजिया, दीक्षा जैन, दिशा कुमावत, फ़ायजा खान, गर्वित पारीक, हेमलता सैनी, कनिष्का चावला, प्रियंका गर्ग, तनिष शर्मा एवं तनीषा वर्मा—को भी सम्मानित किया गया। कक्षा 5वीं में A ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों—अंशिका, अतुल्य मूंदड़ा, दीपांशु वर्मा, गरिमा मीणा, झलक खंडेलवाल, मीनाक्षी, पीयूषी, रिया टाक एवं वेदांत मिश्रा—को भी मंच पर सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। समारोह में विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत और उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गर्व, उत्साह और प्रेरणा का माहौल बना रहा। विद्यालय परिवार ने यह संदेश दिया कि कड़ी मेहनत और लगन से हर छात्र सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

## एक अप्रैल से लागू होगी टाटियावास टोल पर दरों में वृद्धि



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधीकरण ने राजमार्ग पर टोल दरों में वृद्धि कर दी है। नई दरे एक अप्रैल से लागू होगी। जिसके चलते राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों, व्यापारियों व परिवहन कारोबार से जुड़े लोगों की जेब पर सीधे सीधे भार पड़ेगा। जयपुर-सीकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित टाटियावास टोल प्लाजा पर टोल शुल्क में वृद्धि का फरमान चस्पा कर दिया गया है। नई दरों के तहत कार, जीप, वैन व हल्के मोटर वाहनों के लिए सिंगल यात्रा शुल्क 75 रुपये से बढ़ाकर 80 रुपये कर दिया गया है, जबकि एक ही दिन में वापसी के लिए 120 म देने होंगे। इसी प्रकार लाइट कमर्शियल वाहन व मिनी बस के लिए सिंगल शुल्क 125 रुपए और रिटर्न 190 रुपए निर्धारित किया गया है। बस एवं दो एक्सल ट्रक के लिए सिंगल यात्रा शुल्क 265 रुपये तथा रिटर्न 400 रुपए तय किया गया है। वहीं 3 से 6 एक्सल वाले भारी वाहनों के लिए 415 - रुपए तथा 7 या उससे अधिक एक्सल वाले ओवरसाइज वाहनों के लिए 505 रुपए सिंगल यात्रा शुल्क निर्धारित किया गया है। मासिक पास की दरों में भी बढ़ोतरी की गई है। कार वर्ग के लिए मासिक पास 2610 रुपए, लाइट कमर्शियल वाहन के लिए 4220 रुपए तथा बस-ट्रक के लिए 8840 रुपए निर्धारित किया गया है। भारी वाहनों के मासिक पास 13860 रुपए तक पहुंच गए हैं। हालांकि टोल प्लाजा से 20 किमी के दायरे में रहने वाले स्थानीय गैर-व्यावसायिक वाहन चालकों को राहत देते हुए मासिक पास 350 रुपए निर्धारित किया गया है, जो पूर्व में 340 रुपए था। एनएचएआई ने टोल संचालक एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि संशोधित दरों के अनुसार 1 अप्रैल से टोल शुल्क शुरू की जाए तथा सभी साइन बोर्ड पर नई दरें प्रदर्शित की जाएं। प्राधिकरण के अनुसार, नई दरों का उद्देश्य राजमार्ग के रखरखाव और सड़क गुणवत्ता में सुधार करना है। परियोजना निदेशक ने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता बेहतर करने के लिए यह कदम जरूरी है।

## हनुमान जयंती पर सामोद वीर हनुमान मंदिर में अनुष्ठानेगा जन सैलाब

### पहली बार सप्तम दर्शन की व्यवस्था

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सामोद पर्वत पर स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर धाम में दो अप्रैल को हनुमान जयंती महोत्सव को लेकर व्यापक जोरों पर हैं। इस बार मंदिर प्रशासन ने आश्रम की सुविधा, सुरक्षा और सुगम दर्शन पर विशेष ध्यान दिया है। कार्यक्रम जगतगुरु अवध बिहारी देवाचार्य महाराज के सानिध्य में होंगे, जिसमें 350 से अधिक कार्यकर्ता मठ में स्थित हैं। इस बार 70 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए आने की उम्मीद है। मंदिर प्रशासन द्वारा पहली बार सभी आस्थाओं को लोधी का प्रसाद दिया जाएगा। इसके अलावा मंदिर परिसर और भव्य रूप से गहनों के लिए जयपुर, दिल्ली और कोलकाता से 11 भव्य फूल जोड़े गए हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए आश्रम की सुविधा के लिए पहाड़ी मार्ग पर करीब 900 मीटर तक लाल कार पेट बिछाया गया है और छह स्थानों पर पर्यटक छाया की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पांच जगहों पर



विश्राम स्थल भी बनाए गए हैं, जहां आराम से आराम मिलता है। मंदिर में पहली बार सेल्फी पॉइंट बनाया गया है। जहां दर्शन के बाद एस्टैंडर फोटो ले ली गई है। भीड़ को देखते हुए दर्शनों के खसोट चले गए। मंदिर के अल सुबह 3.15 बजे खुलेंगे, जिसमें दर्शन सुबह तीन बजे से ही दर्शन कर सकेंगे। मंदिर परिसर में 50 सुपरमार्केट के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा दो बिजनेसमैन, दो फायर गाड़ियाँ, तीन डॉक्टर, छह नर्सिंग स्टाफ और सिविल डिफेंस की टीमें बनी रहेंगी। करीब 250 स्वयंसेवक, पुलिस बल, स्काउट-गाइड और आरएसएस के सदस्य भी व्यवस्था बनाए रखेंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में पूछताछ कार्यालय और तीन कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। कंपनी व्यवस्था को स्थाई बनाए रखने के लिए आने और जाने के लिए अलग-अलग मार्ग बताए गए हैं। संविधान के अनुसार, इस बार सहज दर्शन के लिए स्वायत्त स्थानों और बेहतर व्यवस्थाओं की गारंटी दी गई है। मंदिर प्रशासन ने सभी वास्तुशिल्पियों से सहयोग और पूजा-अर्चना के लिए अपील की है, ताकि संस्थाएं सफल और सुरक्षित रूप से सहायक हो सकें।

# सरकारी सेवाओं में चयनित बेटियों का सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** गोविंदगढ़ कस्बे के बड़ी गुवाड़ी चौक में सरकारी सेवाओं में चयन पर गांव की बेटियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुजरात न्यायिक सेवाओं में चयनित आयुषी भारद्वाज, जूनियर अकाउंटेंट मानसी टेलर, सोनिया शर्मा, एकता शर्मा, सुरभी शर्मा, गिरीजा शर्मा व बैंकिंग सेवाओं में चयनित साक्षी शर्मा का माला पहनाकर, साफा बंधवाकर व मुंह मीठा करवाकर सम्मानित



किया गया।

इस दौरान पूर्व प्रधान भगवान सहाय धांसिल, सेवानिवृत्त तहसीलदार सीताराम जोशी व पंचायत प्रशासक महेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि एक ही गांव से जज से लेकर जूनियर अकाउंटेंट तक के पदों पर बेटियों का चयन होना बेटियों की मेहनत की कहानी बयां करता है। इस सफलता को लेकर उन्होंने सफल बेटियों के माता-पिता और परिजनों का भी आभार जताते हुए कहा कि उनकी मेहनत और सपने ही सफलता की नींव है। इस दौरान आयोजक घनश्याम पुजारी, सुरेश बड़ी गुवाडी, मुरारी भाणजा ने आगंतुक अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि वे आगे भी इसी प्रकार से सामाजिक कार्यों में सदैव आगे रहेंगे। इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महेश बोहरा, गौड़ विप्र समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण भाभरुवाला, खांडल विप्र समाज के अध्यक्ष केशव सोती, सहकारी समिति अध्यक्ष सुरजमल खैरवाल, डॉ. पीडी यादव, पूर्व सरपंच चौथमल यादव, पूर्व उप सरपंच प्रहलाद कुमार शर्मा, बाबूलाल सिंगोदिया सहित कई लोग मौजूद रहे।



## सीरीज सिंगल पापा को हां करने के लिए मेरे पास दो कारण थे

नेटफ्लिक्स की नई कॉमेडी सीरीज सिंगल पापा खूब चर्चा बटोर रहा है। शो से जुड़ी अभिनेत्री आयशा अहमद ने अपने अनुभव साझा किए हैं। सीरीज में वह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि यह शो उनके करियर का अहम प्रोजेक्ट है। व्यक्तिगत रूप से उनके लिए शूटिंग का अनुभव बेहद खास रहा। आयशा अहमद ने कहा, जब मुझे पहली बार डायरेक्टर शशांक की टीम ने मीटिंग के लिए बुलाया, तो इस दौरान बातचीत का अनुभव काफी अच्छा रहा। शशांक के साथ पहली मुलाकात इतनी दिलचस्प रही कि वह लंबे समय तक मेरे दिमाग में बनी रही। कुछ समय बाद जब मैं काम के सिलसिले में ट्रैवल कर रही थी, तभी मेरे पास सिंगल पापा सीरीज के लिए कॉल आया। मैंने बिना समय लगाए तुरंत हां कर दी। उन्होंने कहा, मेरे शो को हां कहने के पीछे दो कारण थे- एक तरफ शो को शशांक जैसे डायरेक्टर बना रहे थे और दूसरी तरफ मेरे साथ कुणाल खेमू स्क्रीन साझा करने वाले थे। मैं उनकी काफी लंबे समय से फैन हूं। आयशा ने कहा, मेरे लिए कुणाल खेमू के साथ काम करना अपने आप में एक यादगार अनुभव है। वह सेट पर हल्का-फुल्का और मजेदार माहौल बनाकर रखते थे। वह सभी कलाकारों को सपोर्ट करते हैं और हर सीन में ऐसी ऊर्जा लेकर आते थे कि बाकी कलाकारों का काम और भी आसान हो जाता है। आयशा ने बताया कि उनके साथ शूटिंग इतनी सहज रही कि सब कुछ अपने आप सही समय पर होता चला गया। इस वजह से यह प्रोजेक्ट मेरे लिए और भी खास बन गया। सीरीज सिंगल पापा नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। शो में मनोज पाहवा, कुणाल खेमू, दयानंद शेट्टी, प्राजक्ता कोली, नेहा धूपिया और आयशा रजा मिश्रा जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। कहानी गौरव गहलोत नाम के एक ऐसे व्यक्ति की है, जो उम्र में बड़ा होने के बावजूद कई बार बच्चों जैसा व्यवहार करता है। तलाक के तुरंत बाद वह बच्चा गोद लेने का फैसला करता है। इस फैसले से पूरे परिवार में हड़कंप मच जाता है। सभी के मन में एक सवाल होता है- जो व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की चीजें संभाल नहीं पाता, वह एक बच्चे की जिम्मेदारी कैसे निभाएगा? इस फैसले के बाद परिवार में हंगामा, उलझनें और हंसी-ठहाकों से भरा सफर शुरू होता है।



# जया बच्चन की आलोचना के बाद हुमा कुरैशी ने पैपराजी कल्चर पर दिया रिएक्शन

**पैपराजी के साथ जया बच्चन का रिश्ता अच्छा नहीं रहता है। बीते दिनों जया बच्चन ने पैपराजी कल्चर को लेकर काफी नाराजगी जताई थी। साथ ही उन्होंने पैपराजी के कपड़ों और उनके रवैये को लेकर भी कड़ी आलोचना की थी। अब जया बच्चन की आलोचना के बाद अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने पैपराजी कल्चर को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। हुमा ने पैप्स कल्चर की चुनौतियों और महत्व दोनों को ही स्वीकार किया है।**

### फिल्म के प्रमोशन के लिए हम खुद पैपराजी बुलाते हैं

बातचीत के दौरान हुमा कुरैशी ने माना कि बेशक पैपराजी को एक सीमा बनानी चाहिए और उसका सम्मान करना चाहिए। लेकिन उन्होंने ये भी स्वीकार किया कि कई सेलेब्स पैपराजी को खुद ही बुलाते हैं और अपने फायदे के लिए इनका इस्तेमाल भी करते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि मुझे लगता है कि वे भी महत्वपूर्ण हैं। मैं झूठ नहीं बोलूंगी, लेकिन हम उनका इस्तेमाल तब करते हैं जब हमें अपनी फिल्मों का प्रचार करना होता है या अपने जीवन के किसी खास पहलू को लोगों के सामने लाना होता है। कई बार ऐसा हुआ है जब हमें अपनी फिल्मों का प्रचार करना था, इसलिए हमने उन्हें प्रीमियर में बुलाया। जब हम कहीं दिखना चाहते हैं, तो हम उन्हें बुलाते हैं। मैं सारा दोष उन पर नहीं डालना चाहती।

### फोटोग्राफर के साथ मजबूत हुआ मेरा रिश्ता

पैप्स के साथ अपने रिश्ते पर हुमा ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में फोटोग्राफरों के साथ मेरा रिश्ता और भी मजबूत हो गया है। जब भी मेरी तबीयत ठीक नहीं होती या मैं फोटो नहीं खिंचवाना चाहती, तो मैं बस उनसे प्यार से कहती हूं कि मेरी तस्वीरें न लें, और वे आमतौर पर मेरी इच्छा का सम्मान करते हैं।

### महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है

इस दौरान हुमा ने उन मुद्दों पर भी बात की जिनका सामना इंडस्ट्री में महिलाएं आमतौर पर करती हैं। जैसे कि गलत सवाल करना या फिर गलत एंगल से तस्वीरें लेना। हालांकि, एक्ट्रेस ने माना कि कुछ हद तक प्राइवेसी का उल्लंघन इस व्यवस्था का हिस्सा है, लेकिन सम्मान और सीमाएं बनाए रखना आवश्यक है। अगर आप मेरी प्राइवेसी में दखल देना चाहते हैं, तो आप ऐसे प्रश्न पूछेंगे जो मुझे उचित नहीं लगेंगे। एक सीमा होती है जिसे लोगों को पार नहीं करना चाहिए, लेकिन हम उसे पार कर जाते हैं। एक महिला और अभिनेत्री के रूप में मैंने यह सब अनुभव किया है।

### जया बच्चन ने की थी पैपराजी के पहनावे और रवैया की आलोचना



हुमा की ये टिप्पणियां तब आई हैं, जब बीते दिनों जया बच्चन ने पैपराजी की कड़ी आलोचना की थी। एक इंटरव्यू में जया ने पैपराजी के पहनावे, उनके काम करने का तरीके और उनकी ट्रेनिंग पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि जो लोग सस्ते तंग पैंट पहनते हैं और हाथ में मोबाइल रखते हैं, क्या उन्हें लगता है कि सिर्फ फोन होने से वे आपकी तस्वीर खींच सकते हैं और जो चाहें कह सकते हैं। उनकी शिक्षा, उनका बैकग्राउंड कैसा है? वो आखिर हैं कौन?



## नौ साल बाद लौटीं शिल्पा शिंदे

अभिनेत्री शिल्पा शिंदे वर्षों बाद सीरियल 'भाबी जी घर पर हैं' में वापस लौट आई हैं। एक्ट्रेस का प्रोमो भी रिलीज हो चुका है। वीडियो को देखने के बाद शो में आने वाले ट्विस्ट का एक हिंट जरूर मिल रहा है। 'बिग बॉस 11' की विजेता और टीवी अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने यूं तो कई टीवी शोज में काम किया है लेकिन 'भाबी जी घर पर हैं' की अंगूरी भाभी के तौर पर वो छा गईं। साल 2015 में शो की शुरुआत हुई थी लेकिन फिर एक साल बाद 2016 में विवादों के चलते उन्होंने शो को अलविदा कह दिया। अब करीब नौ वर्षों के बाद शिल्पा एक बार फिर शो में वापसी कर रही हैं। उनका कमबैक शो के नए सीजन 2.0 में होने जा रहा है। इससे जुड़ा प्रोमो भी मेकर्स की ओर से जारी कर दिया गया है। एंड टीवी का सुपरहिट कॉमेडी शो 'भाबी जी घर पर हैं' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है और इसकी सबसे बड़ी वजह है शिल्पा शिंदे की धमाकेदार वापसी। शो के नए सीजन में एक बार फिर शिल्पा नजर आने वाली हैं। इस बार वह दर्शकों के सामने बिल्कुल नए और रहस्यमयी अवतार में आई हैं, जिसने फैंस को चौंका दिया है। हाल ही में जारी किए गए प्रोमो ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है।

प्रोमो में अंगूरी भाभी, तिवारी, विभूति और अनीता भाभी एक अनजान गांव 'घूंघटगंज' की ओर जाते दिखाई देते हैं। गांव में कदम रखते ही चारों की नजर एक रहस्यमयी स्त्री की मूर्ति पर पड़ती है। तभी अचानक कुछ ऐसा होता है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। मूर्ति की साड़ी अंगूरी भाभी पर गिरती है और माहौल में सिहरन फैल जाती है। यहीं से कहानी ले लेती है खौफनाक मोड़।

### 'स्त्री' स्टाइल में लेंगी शो में एंट्री

इसके बाद अंगूरी भाभी के बर्ताव में अजीब बदलाव नजर आने लगता है। सबको लगता है कि उन पर किसी आत्मा का साया हो गया है। जब विभूति उन्हें प्यार से आवाज देता है, तो अंगूरी भाभी का जवाब सबको हैरान कर देता है। उनका अंदाज, उनकी चाल और संवाद, सब कुछ डरावना लेकिन बेहद दिलचस्प लगता है। साफ है कि शिल्पा शिंदे ने इस बार 'स्त्री' स्टाइल में शो में एंट्री लेकर कहानी में जान डाल दी है।

### नौ वर्षों बाद शो में हुई वापसी

लंबे समय बाद शिल्पा शिंदे को एक बार फिर अंगूरी भाभी के रूप में देखकर फैंस भावुक भी हैं और उत्साहित भी। सोशल मीडिया पर लोग प्रोमो को बार-बार देख रहे हैं और कई लोगों ने अब तक कमेंट किया है।

## नवाजुद्दीन स्टारर फिल्म फरार में दिखेगा मनी हाइस्ट जैसा फ्लेवर


नवाजुद्दीन सिद्दीकी हाल ही में थामा में नजर आए थे। इस भूमिका के लिए उन्हें खूब सराहना मिली। अब वह अपनी नई फिल्म फरार को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार पार्थ भालेराव और त्रिशा थोसर के साथ दिखाई देंगे। फिल्म के निर्देशक और लेखक कुशाग्र शर्मा हैं। फरार को बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा है। सिनेमैटोग्राफी, बैकग्राउंड म्यूजिक और विजुअल ट्रीटमेंट इंटरनेशनल फिल्मों की तरह भव्य रखा गया है। हॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुके इलिया वोलोक इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, सुपरहिट स्पैनिश सीरीज मनी हाइस्ट के संगीतकार इवान लाकामारा पहली बार किसी हिंदी फिल्म के लिए बैकग्राउंड स्कोर तैयार कर रहे हैं। त्रिशा थोसर फिल्म में नवाज की बेटी बनी हैं। फरार में एक्शन को इंटरनेशनल लेवल पर डिजाइन करने के लिए केचा खम्पकदी भी जुड़े हैं। नवाज एक भौतिक विज्ञान के शिक्षक बने हैं, जबकि निमिषा सजयन उनकी पत्नी की भूमिका निभा रही हैं।



## अभय वर्मा की फिल्म छूमंतर से बाहर हुईं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे इन दिनों अपने फिल्मी लाइनअप को लेकर लगातार चर्चा में हैं। एक तरफ वह अपनी आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के प्रमोशन में जुटी हैं, जिसमें उनके साथ कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। दूसरी ओर, वह अमेजन प्राइम वीडियो की लोकप्रिय वेब सीरीज कॉल मी बे के दूसरे सीजन की तैयारी में भी व्यस्त हैं। इस बीच एक खबर है कि अनन्या आगामी फिल्म छूमंतर से बाहर हो गई हैं। फिल्म की टीम जनवरी 2026 से शूटिंग शुरू करने की योजना बना रही थी। सूत्र के मुताबिक... छूमंतर की शूटिंग का शेड्यूल कॉल मी बे 2 से टकरा रहा था, जिसकी शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है। इसी वजह से अनन्या और फिल्म के निर्माताओं ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया। दोनों ने आगे किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करने का वादा भी किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनन्या के बाहर होने के बाद अब कास्ट में दो नाम जानकी बोडीवाला (वश फेम) और श्रीलीला प्रमुखता से चर्चा में हैं। हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अनन्या के बाद जानकी बोडीवाला और श्रीलीला का नाम चर्चा में है।






# कपिल शर्मा को फिल्म के लिए मिले करोड़ों

कॉमेडी के बादशाह कपिल शर्मा एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर चुके हैं अपनी नई फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के साथ। 2015 में रिलीज पहली फिल्म की धमाकेदार सफलता के बाद अब सीक्वल की रिलीज को लेकर दर्शकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। लेकिन इस बार चर्चा केवल फिल्म की कहानी या इसके मनोरंजन की नहीं, बल्कि इसकी स्टारकास्ट की भारी-भरकम फीस की हो रही है। मेकर्स ने फिल्म को भव्य पैमाने पर बनाया है और इसके लिए सितारों को भी मोटी रकम दी गई है।

### कपिल शर्मा

सीक्वल में भी कपिल शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और उनकी वापसी को देखते हुए मेकर्स ने उन्हें बेहद बड़ी रकम ऑफर की। मनोरंजन जगत में अपनी लोकप्रियता और टीवी शो की सफलता के कारण कपिल की मार्केट वैल्यू पहले से कहीं अधिक बढ़ चुकी है। फिल्म के लिए उन्हें 2 से 3 करोड़ रुपये दिए गए, जो फिल्म के कुल बजट का बड़ा हिस्सा माना जा रहा है। यही वजह है कि उनकी फीस को लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चाएं हो रही हैं।

### त्रिधा चौधरी

वेब सीरीज और फिल्मों में अपनी पहचान बना चुकी त्रिधा चौधरी पहली बार कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। फिल्म में उनकी भूमिका को खास बताया जा रहा है और उनकी बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए मेकर्स ने उन्हें 40 से 60 लाख रुपये देने का फैसला किया है। यह फीस उनके करियर के हिसाब से अच्छी मानी जा रही है।



### पारुल गुलाटी

सोशल मीडिया की चर्चित अभिनेत्री और 'गर्ल्स हॉस्टल' जैसी वेब सीरीज में अपनी छाप छोड़ चुकीं पारुल गुलाटी को भी इस फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार मिला है। उन्हें भी त्रिधा के बराबर ही 40 से 60 लाख रुपये की रकम दी गई है। पारुल की बढ़ती ब्रांड वैल्यू ने उनके पैकेज को मजबूत किया है।

### आयशा खान


टेलीविजन की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुकीं आयशा खान भी फिल्म का हिस्सा हैं। हालांकि इस फिल्म के लिए उन्हें 15 से 30 लाख रुपये की राशि दी गई है, जो बाकी लीड एक्ट्रेसेज की तुलना में काफी कम है। लेकिन फिल्म में उनकी भूमिका छोटी नहीं बताई जा रही है, जिससे उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट उनके करियर में नई दिशा दे सकता है।

### मनजोत सिंह

'फुकरे' फेम मनजोत सिंह भी इस बार एक अलग जोन में नजर आएंगे। उनके किरदार को मजबूत बताया जा रहा है और इसके लिए उन्हें 50 से 70 लाख रुपये की सैलरी दी गई है। मनजोत की कॉमिक टाइमिंग पहले ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय है और इस फिल्म से उनकी मौजूदगी और मजबूत हो सकती है।

### वरीना हुसैन

वरीना हुसैन लंबे समय बाद किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ रही हैं। मेकर्स ने उन्हें फिल्म के लिए 20 से 35 लाख रुपये ऑफर किए हैं। वरीना की स्क्रीन प्रेजेंस और उनकी पिछली फिल्मों की सफलता ने उन्हें इस फिल्म में खास जगह दिलाई है।



## पूर्व विधायक विवेक धाकड़ के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बेगूं विधायक सुरेश धाकड़ बिजौलिया पहुंचे और पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि विवेक धाकड़ ने अपने जीवन में ईमानदारी पूर्वक राजनीतिक, धार्मिक तथा सामाजिक क्षेत्र में जनसेवा की और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहे। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए 4 अप्रैल को उनकी पुण्यतिथि पर विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चेरिटे ट्रस्ट की ओर से उनकी मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैया लाल धाकड़ भी मौजूद रहे। तैयारियों की चर्चा कर अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। उपप्रधान कैलाश धाकड़ ,सरपंच संघ अध्यक्ष मोहन लाल धाकड़,थड़ौदा सरपंच राजेश धाकड़, ऊपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष नारायण लाल धाकड़, धाकड़ समाज पंचायत अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, सामूहिक विवाह सम्मलेन कमेटी अध्यक्ष औकार लाल धाकड़, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष मोहन लाल धाकड़, श्री धाकड़ महासभा युवा संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पप्पू लाल धाकड़, प्रदेश युवा संघ के महामंत्री दुर्गेश धाकड़ के साथ ही ट्रस्ट तथा समाज के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत की मांग

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के वार्ड 14 में भील बावड़ी के पास क्षतिग्रस्त नालियों की वजह से वार्डवासी परेशान हैं। दीपक सनाढ्य ने बताया कि ये नालियां लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने से इनकी समुचित ढंग से सफाई भी नहीं हो पाती हैं और कचरा जमा रहता हैं। जिसकी वजह से वार्डवासी परेशान हैं। वहीं वाहन चालकों को भी परेशानियां आती हैं। लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र ही नालियों की मरम्मत करवाए जाने की मांग की हैं।



## पोयणा में गूंजेगा भक्ति का महा-संगमः 'एक शाम अंबे माताजी के नाम' 21 अप्रैल को

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** आस्था और भक्ति के रंग में रंगने को तैयार पोयणा गांव में 21 अप्रैल को 'एक शाम अंबे माताजी के नाम' विशाल भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री अंबे माताजी मंदिर परिसर में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा, जहां भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। आयोजन श्री अंबे माताजी भक्त मंडल व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका रेखा परमार (भारूजा) अपनी मधुर आवाज से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगी, वहीं भीलवाड़ा के गायक नरेश राव भी विशेष प्रस्तुति देंगे। मंच संचालन का जिम्मा मितालाल सेन (खुडला) संभालेंगे। कार्यक्रम की खास बात यह रहेगी कि इसमें आकर्षक झांकियों के माध्यम से माताजी, गोगा भैरव, काला भैरव, हनुमानजी व बाल हनुमानजी के जीवंत दृश्य प्रस्तुत किए जाएंगे, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगे। इसके साथ ही भव्य सजावट, लाइटिंग और साउंड सिस्टम के माध्यम से आयोजन को और भी दिव्य रूप दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, भजन संध्या का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा, जिससे दूर-दराज के श्रद्धालु भी इस आयोजन से जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामवासियों की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। मेला कमेटी सचिव पुखराज कुमावत ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भक्ति कार्यक्रम का लाभ लेने और आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## रात में पुलिस की नाकाबंदी से खुला अवैध खनन का खेल, 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सफेद पत्थर के ब्लॉकों से भरी 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। कार्रवाई के दौरान चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए, जिनके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (आईपीएस) के निर्देशन में अवैध खनन, वांछित अपराधियों व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार (एडीएफ बाड़ी) एवं वृत्ताधिकारी बाड़ी महेंद्र मीणा (आरपीएस) के सुपरविजन में थाना सोने का गुर्जा पुलिस ने यह कार्रवाई की। थानाधिकारी कैलाश चंद (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में पुलिस टीम को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध पत्थर ब्लॉकों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली सरमथुरा की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल गौलारी टंकी के पास नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली आते दिखाई दिए। पुलिस की ओर से रुकवाने का प्रयास करने पर चालक वाहन छोड़कर अंधेरे में फरार हो गए। मौके पर जांच करने पर पांच स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से भरे सफेद पत्थर के ब्लॉक पाए गए। पुलिस ने सभी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मौके पर ही जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में अवैध खनन व परिवहन का मामला सामने आने पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस, फॉरेस्ट एक्ट व एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है तथा अवैध खनन में शामिल अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है। जिले में इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# व्यवस्थापकों के कार्य बहिष्कार ने बढ़ाई किसानों की चिंता, 31 मार्च खरीफ के ऋण जमा का आखिरी दिन

### भारतीय किसान संघ ने तिथि बढ़ाने सहकारिता मंत्री को लिखा पत्र

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** राजस्थान में ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापक अपनी मांगों को लेकर 27 फरवरी से कार्य बहिष्कार पर है। इधर, किसानों को खरीफ फसल के ऋण जमा कराने के लिए 31 मार्च अंतिम तारीख है और अब सरकार ने यह तारीख नहीं बढ़ाई तो जालोर जिले में कई किसान अपना ऋण जमा कराने से वंचित रह जाएंगे और उन्हें एक साल का ब्याज जमा कराना पड़ेगा। जानकरी के अनुसार सहकारी समितियों की ओर से जिले में 90 हजार किसानों को ऋण दे रखा है। जिसमें से अब तक करीब 72 हजार किसानों ने ऋण जमा कराया है, लेकिन अभी भी 18 हजार किसान शेष है जिन्हें अपना ऋण जमा कराना है।

बता दें कि प्रदेश में सहकारी समितियों के व्यवस्थापक पैक्सकर्मी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले कुछ समय से हड़ताल पर है। ऐसे में सहकारी समितियों में किसानों का ऋण जमा नहीं हो रहा है। ऐसे में किसानों को को-ऑपरेटिव बैंक जालोर समेत जिले की विभिन्न शाखाओं में अपना ऋण जमा कराना है। जहां पर बड़ी संख्या में किसान ऋण जमा कराने आते हैं, लेकिन जालोर जिला मुख्यालय की शाखा अधिकतम 200 लोगों का ही नम्बर आ पाता है, जबकि प्रतिदिन करीब 500 से अधिक लोग ऋण जमा कराने के लिए आते हैं। ऐसे में 31 मार्च तक सभी किसानों का ऋण जमा नहीं हो पाया तो शेष रहने वाले किसानों को ब्याज भुगतना पड़ेगा। अब सरकार ऋण जमा कराने की तारीख बढ़ाती है तो किसानों को राहत मिल सकेगी।

जानकारी के अनुसार पूर्व में 25 मार्च को दी राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड जयपुर के सभागार में कई बिन्दुओं के समाधान बाबत वार्ता हुई थी, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बन पाई और वार्ता विफल रही थी। 27 फरवरी से व्यवस्थापकों का कार्य बहिष्कार जारी है।

### भारतीय किसान संघ ने सहकारिता मंत्री को लिखा पत्रः

इधर भारतीय किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने सहकारिता मंत्री गौतम दक को पत्र लिखा जिसमे उन्होंने बताया कि बेमौसम बरसात से फसलों में नुकसान, समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू नही होने, व्यवस्थापकों की हड़ताल के चलते ऋण भुगतान से वंचित किसानों को अल्पकालिक फसली ऋण भुगतान अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून करने की मांग की है। चूंकि 31 मार्च तक रबी व जायद की अधिकतर फसलों की थ्रेसिंग व मंडी भेजने की व्यवस्था नहीं हो पाती है। ऐसे में ऋण भुगतान अवधि स्थाई रूप से 30 जून की जावें ताकि किसानों से साहूकारों से किराया पर लेकर ऋण भुगतान की मजबुरी से छुटकारा मिले।

### इनका कहना है...

हमारी विभिन्न मांगों को लेकर सम्पूर्ण राजस्थान में सभी सहकारी समिति कर्मचारी (व्यवस्थापक ) कार्य बहिष्कार पर है, किसान अपना बकाया ऋण जमा कराने के लिए बैंकों में इस तपती गर्मी में परेशान हो रहा है यह सरकार और विभाग की हठधर्मिता है, राजस्थान में करीब 7.50 लाख किसान अभी अपना ऋण जमा नहीं करा पाये है ऋण समय पर जमा नहीं हो पाया तो किसानों को ब्याज सहित अपना सम्पूर्ण कर्जा चुकाना पड़ेगा तथा भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। सरकार को चाहिए की किसानों के हित को देखते हुए ऋण जमा कराने की तिथि बढ़ाई जावें। व्यवस्थापकों की मांगों का समय पर निस्तारण करें अन्यथा यह बहिष्कार अभियान अनवरत जारी रहेगा।

**हनुमान सिंह राजावत, प्रदेश संयोजक राजस्थान सहकारी समिति कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति जयपुर**

अभी जिले में करीब 18 हजार किसानों का 65 करोड़ ऋण जमा होना है, हमने जिले की कोऑपरेटिव बैंक की शाखाओं में काउंटर खुलवाये है जहाँ किसान अपना ऋण जमा करा सकते हैं।

**नारायणसिंह चारण, एमडी, जालोर सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड**

### पालिका प्रशासन की नाकामी से कचरे के भेट चढ़ा उद्यान

## स्वच्छ भारत मिशन की खुली पोलः करोड़ों खर्च, फिर भी कचरे में दम तोड़ता आपेश्वर उद्यान

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** एक तरफ देशभर में स्वच्छ भारत मिशन को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं सुमेरपुर नगर पालिका की हकीकत इन दावों की खुली पोल खोल रही है। शहर के कोलीवाड़ा रोड स्थित वार्ड संख्या 27 में आपेश्वर हनुमान मंदिर व नव-निर्मित आपेश्वर उद्यान आज कचरे के ढेर में तब्दील हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि पालिका प्रशासन का कई बार ध्यान आकर्षित करने के बावजूद भी सख्ती नहीं बरत रहा है। गौरतलब है कि ' इस उद्यान का उद्घाटन महज चार माह पूर्व ही जोराराम कुमावत के कर कमलों द्वारा किया गया था। करोड़ों रुपए की लागत से विकसित यह उद्यान आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। हालात इतने बदतर हैं कि यहां गौ माता कचरे के ढेर में भोजन तलाशने को मजबूर हैं, जो व्यवस्था पर सीधा सवाल खड़ा करता है। स्थिति और भी शर्मनाक तब हो जाती है जब यह स्थान मंत्री निवास से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। रोजाना यहां सुबह-शाम आरती, पूजा-अर्चना और लोगों की भीड़ रहती है, लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका के जिम्मेदारों की नींद नहीं खुल रही। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उद्यान, जो बच्चों के खेलने और परिवारों के घूमने-फिरने के लिए बनाया गया था, आज डंपिंग यार्ड में बदल चुका है। गंदगी और बदबू के बीच लोगों का यहां आना भी दूभर हो गया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब करोड़ों रुपए स्वच्छता के नाम पर खर्च किए जा रहे हैं, तो फिर जमीनी हकीकत इतनी भयावह क्यों है? क्या स्वच्छ भारत मिशन सिर्फ कागजों और विज्ञापनों तक ही सीमित रह गया है? यदि समय रहते जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया, तो यह लापरवाही किसी बड़ी बीमारी और जनस्वास्थ्य संकट को जन्म दे सकती है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब जागता है या फिर जनता को इसी गंदगी के बीच जीने को मजबूर रहना पड़ेगा।

## भामाशाहों ने दिखाई दरियादिली, पालड़ी जोड़ में समाज भवन निर्माण को मिला संबल

### मेघवाल समाज के सम्मान समारोह में लाखों की घोषणाएं, हॉल व कमरों के निर्माण की जिम्मेदारी भी ली

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(पाली)।** पांच गांव परगना मेघवाल विकास सेवा संस्थान, पालड़ी जोड़ के तत्वावधान में ईरज पालड़ी जोड़ स्थित निर्माणाधीन समाज भवन परिसर में आयोजित अतिथि व भामाशाह सम्मान समारोह में समाज विकास के लिए उल्लेखनीय सहयोग देखने को मिला। कार्यक्रम में भामाशाहों ने आगे आकर भवन निर्माण के लिए उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग व निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी लेने की घोषणाएं कीं। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संयम लोढ़ा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा प्रत्याशी हरीशंकर मेवाड़ा, विकास अधिकारी मंछाराम, समाजसेवी तगाराम राठौड़ व भक्तराज पोकरमल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कानाराम ने की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न भामाशाहों ने समाज भवन के कमरों के निर्माण की जिम्मेदारी लेते हुए सहयोग की घोषणा की। इनमें तगाराम व पोमाजी राठौड़ (फतापुरा), मंछाराम तथा होबाराम-जसाराम (सलोदरिया), भक्तराज पोकरमल (कानपुरा), जोगाराम राठौड़ (फतापुरा), मंछाराम (कानपुरा), मोहनलाल-देशाराम (वेरारामपुरा), जोराराम-लुंबाजी (सलोदरिया), दलाराम- कैसाजी (धनापुरा), तेजाराम-कैसाजी (धनापुरा) तथा शंकरलाल- मगनाजी (चांदाणा) शामिल हैं। इसके अलावा, जोतराम -लुंबाजी (सलोदरिया) ने भवन के हॉल निर्माण की जिम्मेदारी ली। तगाराम राठौड़ (फतापुरा) ने सभी कमरों में ग्रेनाइट लगाने की घोषणा कर कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। समारोह में अन्य भामाशाहों की ओर से भी लगभग 3 लाख रुपए की सहयोग राशि की घोषणा की गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों व भामाशाहों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। सामूहिक सहयोग से तैयार हो रहा यह समाज भवन क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## सुमेरपुरः सरगरा समाज का भव्य मेलाः आस्था, परंपरा और एकता का दिखा विराट संगम

### कलश यात्रा से लेकर भजन संध्या तक छाया उत्सव

जयपुर टाइम्स




**सुमेरपुर(निस)।** क्षत्रिय सरगरा समाज पांच परगना की ओर से भगवान वाल्मीकि ऋषि जयंती पर आयोजित वार्षिक मेला इस वर्ष भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन में समाजबंधुओं की भारी भागीदारी के साथ आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। मेले में दूर-दराज क्षेत्रों से आए समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में संत-महात्माओं, समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं व महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आयोजन स्थल पर दिनभर धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का माहौल बना रहा, वहीं रात्रिकालीन भजन संध्या ने श्रद्धा का वातावरण और भी गहरा कर दिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, ओटाराम देवासी, हरीशंकर मेवाड़ा, संयम लोढ़ा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, महेंद्र माली, सांसद प्रतिनिधि अनोप सिंह, रविकांत रावल सहित कई जनप्रतिनिधि व व्यक्तियों की उपस्थिति रही। अतिथियों का पारंपरिक साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मेले के दौरान समाज के बच्चों, युवाओं व युवतियों की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। लोक संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे आयोजन को उत्सवमय बना दिया। मेले के दूसरे दिन साधु-संतों की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा राजगुरु सर्किल, गांधी मूर्ति चौराहा, मुख्य बाजार होते हुए जवाई बांध रोड तक विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान डीजे की धुन पर युवक-युवतियां और महिलाएं झूमती नजर आईं, जिससे पूरा शहर भक्तिमय रंग में रंग गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज में शिक्षा, संगठन और सामाजिक विकास को प्राथमिकता देने का आह्वान किया तथा एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया। मेले में समाज अध्यक्ष मदन चौहान, उपाध्यक्ष कांतिलाल परिहार, सचिव विष्णु प्रसाद मारू, मुकेश दत्ता, लसाराम मारू, मुकेश चौहान, मानक चौहान, मोहित परिहार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाजबंधु उपस्थित रहे। मंच संचालन मुकेश हीरावत ने किया।

## कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़, सम्मान का रहेगा विशेष ध्यानः राजावत

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत बसई नबाब मंडल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता व प्रस्तावना मंडल संयोजक केजी तिवारी ने रखी। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर राजावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में कार्यकर्ता का मान-सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी है, जो दिन-रात मेहनत कर अपने बूथ को मजबूत बनाता है। पार्टी हमेशा कार्यकर्ताओं के सम्मान और उनकी भूमिका को प्राथमिकता देती है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व राज्य मंत्री जगमोहन सिंह बघेल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत करने में जुटें। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी पंचायती राज चुनावों में भाजपा जिले में प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेगी। करौली- धौलपुर लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी इंदू देवी जाटव ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम संयोजक व भाजपा जिला मंत्री विजय त्यागी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजस्थान सरकार इन्हीं आदर्शों से प्रेरित होकर कार्य कर रही है। डबल इंजन सरकार देश और प्रदेश को विकास के नए आयाम दे रही है। सह प्रभारी ओंकार कटारा ने भाजपा की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन के कार्यकर्ता हैं। मंडल प्रभारी बनवारी लाल गुर्जर ने कहा कि पार्टी के लिए कार्यकर्ता सर्वोपरि है। पूर्व मंडल अध्यक्ष रामविलास बघेल ने अपने संबोधन में विभिन्न सरकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन हरिओम बघेल ने किया। प्रशिक्षण की शुरुआत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गान से हुई और समापन राष्ट्रगान व सहभोज के साथ हुआ। कार्यक्रम में मंडल बसई नबाब के प्रमुख कार्यकर्ताओं में गोपाल शर्मा (चिल्लर वाले), हरिओम त्यागी, सुंदर सिंह त्यागी, दयाशंकर कटारा, महेश त्यागी, सियाराम कुशवाहा, टीकम सिंह लोधा, हेत सिंह लोधा, जगन्नाथ त्यागी, कुमार बघेल, मोहन कुशवाहा, भगवान सिंह नंदपुरा, बलवीर सिंह परमार, गुड्डू कुशवाहा, पंकज शर्मा, सतपाल गुर्जर, रामप्रकाश, राम भरोसी सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए। इसके अलावा बादल दिवाकर, प्रजापति गोरेलाल राजपूत, भारत, भानुमति, छोटी पूजा, राम किशोर, दीनदयाल शर्मा, जगन्नाथ सिंह, मनोज प्रजापति, मोहन कुशवाहा सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## जुड़वा भाइयों की मिसालः 51 हजार की भेंट, 101 किलो गुड़ से गूंज उठी

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** पावन एकादशी के अवसर पर कोलीवाड़ा स्थित श्रीराम गौशाला में रविवार को सेवा, श्रद्धा और समर्पण का ऐसा अनुपम संगम देखने को मिला, जिसने हर किसी के मन को भावुक कर दिया। कोलीवाड़ा निवासी जुड़वा भाई भामाशाह गणपतलाल एवं गोविंदलाल सोनी ने गौ सेवा के क्षेत्र में प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 51 हजार रुपए की भेंट अर्पित की तथा 101 किलो गुड़ व हरे चारे का भोग लगाकर गौ माता के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त की। इस आयोजन की खास बात यह रही कि गुड़ और हरा चारा गौशाला में मौजूद प्रत्येक गोवंश को समान भाव से प्रेमपूर्वक खिलाया गया। इस सेवा कार्य ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया और समाज को यह सशक्त संदेश दिया कि सच्ची सेवा वही है, जो बिना भेदभाव सभी तक पहुंचे। नवरात्रि के पावन अवसर के तहत पूरे सोनी परिवार द्वारा गौ पूजन के साथ कन्या पूजन भी किया गया, जिससे धार्मिक आस्था और संस्कारों का अद्भुत संगम नजर आया। गौशाला पहुंचने पर अध्यक्ष धीरज सांखला के निर्देशन में उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित की प्रेरणा से व्यवस्थापक पुखराज कुमावत की अगुवाई में भामाशाह परिवार का पारंपरिक 'समैया' कर भव्य स्वागत किया गया। दुपट्टा ओढ़ाकर व माल्यार्पण के साथ हुए सम्मान समारोह ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

यह आयोजन स्वर्गीय श्रीमती गजरा देवी, धर्मपत्नी स्व. छोगालाल सोनी(कोलीवाडा) की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक गहराई प्रदान की। श्रद्धा और सेवा के इस संगम में शामिल प्रत्येक व्यक्ति ने इसे केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा के रूप में अनुभव किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत गौ पूजन से हुई, जिसके बाद गौशाला परिसर में भक्ति और सेवा का माहौल छा गया। 'जय गौ माता' के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला, उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, मंत्री भंवरलाल परमार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अमरसिंह कोलीवाड़ा, नंदू भाई, खीमाराम कुमावत, नैनमल सोनी, पुखराज कुमावत, मोहनदास वैष्णव सहित बड़ी संख्या में गौ भक्तों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

गौशाला समिति के उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने भामाशाहों के इस योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सेवा, संस्कार और सहयोग की भावना को सशक्त करते हैं। जुड़वा भाइयों की इस पहल ने यह साबित कर दिया कि सच्ची भावना से किया गया हर प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। अंत में गौ माता व भगवान महादेव से सभी के सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की गई।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
30 मार्च, 2026

# राष्ट्र निर्माण के लिए बच्चों में संस्कार जरूरीः सिंघानिया



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से संचालित गीता क्लासेस में रविवार को बच्चों को जीवन जीने के संस्कार और तरीके बताए। इस दौरान बच्चों को नियमित अध्ययन में महापुरुषों के जयकारे, पंचामृत, पांच श्लोक, प्रार्थना, नित्य जरूरी नियम, संकीर्तन और हनुमान चालीसा का अभ्यास करवाया गया। इससे पूर्व श्याम भोजक, संजय सिंघानिया, रेनू बजाज, माधुरी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर गीता क्लासेज का शुभारम्भ किया। निरंजन देव आचार्य ने नित्य अध्ययन के साथ 12 वें अध्याय का पाठ करवाया। इस दौरान बच्चों को गीता लिखने के लिए बुक्स दी गई। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि गीता क्लासेज अब बच्चों को रोजगार भी उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए बच्चों में संस्कार जरूरी है। इस अवसर पर पवन दाधीच, घनश्याम धूत, दिव्या शर्मा, दिव्या भाटी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिंह ने किया।

# बास्केटबॉल खिलाड़ी बागड़ी का किया नागरिक अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राष्ट्रीय स्तर की बास्केटबॉल खिलाड़ी सुनीता बागड़ी के हाल ही में सीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल के पद पर चयन होने पर शनिवार को मुकुन्दगढ़ रोड स्थित रघुनाथ बालिका विद्यालय में उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम भाजपा नेता दिनेश जोशी की अध्यक्षता व थानाधिकारी राजाराम लेघा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर बागड़ी का साफा, माला व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि स्पष्ट लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों से उभर रही खेल प्रतिभाओं को देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत बताते हुए युवाओं को खेलों में आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को एडवोकेट रामकरण जोशी, संस्था सचिव ओमप्रकाश जांगिड़ तथा प्राचार्य गायत्री पोरवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रभाष नारनौलिया ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में खेलप्रेमी, नागरिक, विद्यार्थी एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन जयप्रकाश बैरागडा, बास्केटबॉल के कोच रामस्वरूप सैनी, मनोज पांडे, भाजपा आईटी सेल प्रभारी कमल सुरोलिया सहित नगर के खेलप्रेमियों ने बधाई प्रेषित की है।

# पद्मश्री रिकी केज ने किया तालछापर अभ्यारण्य का अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विश्व प्रसिद्ध संगीतकार और तीन बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता एवं पद्मश्री रिकी केज तालछापर कृष्ण मृग अभयारण्य पहुंचे। राजस्थान की मिट्टी और अपने पूर्वजों की जड़ों से गहरा जुड़ाव रखने वाले केज यहां की प्राकृतिक सुंदरता और काले हिरणों के संरक्षण के प्रयासों को देख भावविभोर हो गए। पद्मश्री रिकी केज ने बताया कि उनके पिता चूरू में पैदा हुए थे, इसलिए वे जब भी राजस्थान आते हैं, उन्हें अपनी जड़ों की ओर लौटने जैसा महसूस होता है। उन्होंने कहा कि उनका सारा संगीत प्रकृति से प्रेरित है। तालछापर के घास के मैदान और यहां का शांत वातावरण उनके अगले संगीत प्रोजेक्ट्स में निश्चित तौर पर सुनाई देगा। यूएनसीसीडी के गुडविल एंबेसडर के रूप में उन्होंने जोर दिया कि काले हिरण जैसी संकटग्रस्त प्रजातियों का संरक्षण मानव जाति के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है। इस दौरान सहायक वन संरक्षक क्रांति सिंह एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी व पक्षी विशेषज्ञ उमेश बागोतिया ने काले हिरणों, देशी एवं विदेशी पक्षियों, रेप्टाइल्स और दुर्लभ वनस्पतियों के बारे में जानकारी दी। भारत सरकार द्वारा 2025 में रिकी केज को पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था। उन्हें 2023 में संयुक्त राष्ट्र सद्भावना राजदूत भी बनाया गया। केज ने 13944 आदिवासी बच्चों द्वारा भारतीय राष्ट्र गान गायन की रिकॉर्डिंग का रिकॉर्ड भी बनाया है, जो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है। इस दौरान अभय जैन, सिंगर श्रद्धा गणेश, राकेश कठोतिया, राज सुराना, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# आईपीएल की चमक में सट्टे का सायाः बीदासर में करोड़ों का खेल

**जयपुर टाइम्स/बीदासर(निस)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीज़न-19 की शुरुआत के साथ जहां क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं बीदासर कस्बे में अवैध सट्टा बाजार भी पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। मैचों के रोमांच के साथ-साथ अब हर गेंद, हर ओवर और खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर लाखों-करोड़ों रुपये दांव पर लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, आईपीएल सीज़न के दौरान बीदासर सहित आसपास के क्षेत्रों में सट्टा कारोबार अपने चरम पर पहुंच जाता है। इस अवैध धंधे में बड़े सिंडिकेट सक्रिय हो जाते हैं, जो देश के प्रमुख शहरों—दिल्ली, मुंबई, सूरत, जयपुर और बैंगलोर—से जुड़े हाई-प्रोफाइल बुकीज़ के संपर्क में रहकर सट्टे के भाव तय करते हैं। बताया जा रहा है कि कस्बे में करीब दो दर्जन सट्टा बुक सक्रिय हैं, जो आईपीएल के दौरान करोड़ों रुपये का लेन-देन करती हैं। मैच के दौरान बदलते भाव और त्वरित मुनाफे का लालच युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। आसान पैसे की चाह में कई युवा इस अवैध गतिविधि में शामिल हो रहे हैं, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। चिंता की बात यह है कि इतने बड़े स्तर पर सट्टा संचालन के बावजूद अब तक किसी भी सट्टेबाज के पकड़े जाने की कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# प्रदेश में वर्तमान में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धताः प्रमुख शासन सचिव कृषि व उद्यानिकी



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** खरीफ 2026 के दौरान उर्वरकों के संतुलित व वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से प्रमुख शासन सचिव, कृषि व उद्यानिकी मंजू राजपाल की अध्यक्षता में पंत कृषि भवन के सभा कक्ष में हाईब्रिड मोड में राज्य स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि वर्तमान में राज्य में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, जिसमें यूरिया 3.76 लाख मैट्रिक टन, डीएपी 0.83 लाख मैट्रिक टन, एनपीके 0.66 लाख मैट्रिक टन व एसएसपी 1.97 लाख मैट्रिक टन शामिल हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। भारत सरकार की ओर से खरीफ 2026 के लिए राज्य हेतु यूरिया 11.00 लाख मैट्रिक टन, डीएपी 5.10 लाख मैट्रिक टन, एसएसपी 4.00 लाख मैट्रिक टन एवं एनपीके 1.50 लाख मैट्रिक टन की आपूर्ति की जाएगी। मंजू राजपाल ने कहा कि वर्तमान समय में कृषि को टिकाऊ, लाभकारी व पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में ठोस प्रयास आवश्यक हैं। इसके लिए उर्वरकों का संतुलित उपयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटाश का संतुलित अनुपात में उपयोग करने के साथ-साथ सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि कृषक को भूमि में उर्वरकों के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने, अनुदानित उर्वरकों का औद्योगिक प्रयोग व राज्य से बाहर परिगमन रोकने के उद्देश्य से कृषकों को जागरूक करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए 'धरती माता बचाओ अभियान' के तहत ग्राम पंचायत, ब्लॉक व जिला स्तर पर अप्रैल माह से अभियान आयोजित किए जाएंगे।

**जैविक खेती, प्राकृतिक खेती व हरी खाद पर विशेष जोरः**

उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक संसाधनों जैसे हरी खाद, कंपोस्ट व देसी खाद, जैविक उर्वरक, फसल चक्र में दलहनी फसलों के उपयोग, फसल अवशेष प्रबंधन, प्राकृतिक व जैविक खेती की विधियों के प्रचलन को प्रोत्साहित किए जाने पर जोर जैविक खेती, प्राकृतिक खेती व हरी खाद के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इससे न केवल मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है, जिसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। प्रमुख शासन सचिव राजपाल ने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी व संस्थाएं समन्वय स्थापित करते हुए जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया जा सके और मृदा स्वास्थ्य में सुधार हो। उन्होंने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने से न केवल लागत में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण व कृषि की दीर्घकालीन स्थिरता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि जैविक व प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 में 2 हजार क्लस्टर (50 हेक्टेयर /क्लस्टर) के अनुसार एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया गया, जिसमें 2 लाख 50 हजार किसान जुड़े। इसी प्रकार वर्ष 2026-27 में एक हजार क्लस्टर और एक लाख 25 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जाएगा। 3 हजार 600 प्रशिक्षित कृषि सखी एवं आत्मा योजना में चिन्हित 10 हजार कृषक मित्रों की ओर से जैविक व प्राकृतिक खेती का प्रचार- प्रसार कर किसानों में जागरूकता पैदा की जा रही है। परंपरागत कृषि विकास योजना में वर्ष 2026-27 में एक हजार क्लस्टर के 20 हजार किसानों को जैविक खेती से जोड़ा जाएगा। राजपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर कृषक गोष्ठियों, कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रमों, रात्रि चौपालों व कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। इसके साथ ही प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं जैविक विकल्पों के बारे में प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में आयुक्त कृषि चिन्मयी गोपाल, निदेशक आत्मा हिरेंद्र कुमार शर्मा, अतिरिक्त निदेशक कृषि (प्रशासन) हुशियार सिंह, अतिरिक्त निदेशक कृषि ( विस्तार) एस एस शेखावत, अतिरिक्त निदेशक कृषि (आदान) गोपाल लाल, अतिरिक्त निदेशक कृषि (अनुसंधान) अजय कुमार पचौरी सहित सभी आईसीएआर संस्थानों के प्रभारी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी, कृषि विश्वविद्यालयों के प्रसार शिक्षा निदेशक, खण्डीय अतिरिक्त निदेशक कृषि, संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) व जिला परिषदों के प्रतिनिधियों ने वी सी के माध्यम से भाग लिया।

### रतनगढ़ में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियानः

# कार्यकर्ताओं को मिला संगठन मजबूत करने का मंत्र



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के तहत रतनगढ़ विधानसभा के शहर मंडल की ओर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। स्थानीय नारायण प्रसाद सिरस्वा गेस्ट हाउस में आयोजित इस शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, विचारधारा और आधुनिक तकनीकों के उपयोग का गहन प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को विधिवत उद्घाटन के साथ शुरू हुए इस महाभियान में दोनों दिनों में कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की नीतियों, कार्यप्रणाली और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। पहले दिन के सत्रों में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। वहीं जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ ने संगठन की कार्यपद्धति और जिम्मेदारियों को विस्तार से समझाया। दूसरे दिन आयोजित सत्रों में वरिष्ठ भाजपा नेता बजरंग गुर्जर ने पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान पर अपने विचार रखे। जिला प्रवक्ता ओम महर्षि ने कार्य विस्तार की रणनीति पर चर्चा की। पूर्व चेयरमैन गोपाल मारू ने बूथ प्रबंधन, 'मन की बात', टिफिन बैठक और आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा अभय सोनी ने सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नमो एप के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी, जबकि जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल ने भाजपा के इतिहास और विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिविर में विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा, वरिष्ठ नेता शिवभगवान कम्मा, शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री अरुण पचलंगिया ने किया। शिविर के दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण महाभियान ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, बूथ स्तर की रणनीति और तकनीकी दक्षता से सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण से सशक्त हुए कार्यकर्ता, भाजपा के वैचारिक व संगठनात्मक मूल्यों का मिला प्रशिक्षण



द्धजयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 28 व 29 मार्च को स्थानीय जाट विकास परिषद भवन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर में विधानसभा क्षेत्र के सभी छह मंडलों—सरदारशहर नगर मंडल, पुलासर मंडल, भानीपुरा मंडल, सवाई बड़ी मंडल, भादासर मंडल एवं गोगासर मंडल के कार्यकर्ताओं के लिए अलग-अलग कक्षों में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

प्रशिक्षण शिविर में जिला संगठन प्रभारी विजय आचार्य, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला संगठन सह प्रभारी आत्माराम तरंड, जिला उपाध्यक्ष व विधानसभा प्रभारी मधुसूदन राजपुरोहित, निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, पूर्व जिला महामंत्री जितेंद्र शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष मुरलीधर सैनी, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण सारण, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह छाजूसर, जिला संयोजक (बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ) अविनाश पारीक तथा जिला सोशल मीडिया संयोजक अभय सोनी सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं व वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को भाजपा का इतिहास व विकास, पार्टी का वैचारिक अधिष्ठान, संगठन विस्तार की रणनीति, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां व योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, बूथ प्रबंधन की महत्ता, 'मन की बात' कार्यक्रम, बूथ स्तरीय गतिविधियों के संचालन, तथा मीडिया व सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के साथ-साथ एआई आधारित सरल ऐप व नमो ऐप के उपयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया।

शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें संस्करण को बड़ी एलईडी स्क्रीन पर सामूहिक रूप से देखा और सुना, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम के समापन पर नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश भामा, भादासर मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह, सवाई बड़ी मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश नायक, भानीपुरा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, पुलासर मंडल अध्यक्ष डालाराम महिया व गोगासर मंडल अध्यक्ष अश्वनी मकवाना ने सभी आगंतुकों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष मूलचंद दूगड़, महावीर प्रसाद पारीक, नारायणचंद सैनी, दयाल सिंह राजपुरोहित, भैरोंसिंह राजपुरोहित, प्रभुदयाल सारण, संजय पारीक, लालचंद मुंड, ईशर राम डूडी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने तथा आगामी चुनावी तैयारियों को धार देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# रास्ता खोलो' अभियान बना सुशासन की मिसाल, 17 माह में 1800 से अधिक रास्ते खुलवाए

## कलेक्टर सोनी की पहल से बदली लाखों ग्रामीणों की जिंदगी





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा और जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के कुशल नेतृत्व में जयपुर जिला प्रशासन का 'रास्ता खोलो अभियान' सुशासन की नई पहचान बनकर उभरा है। महज 17 महीनों से भी कम समय में 1800 से अधिक वर्षों से बंद पड़े रास्तों को खुलवाकर प्रशासन ने लाखों ग्रामीणों के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लाया है।

जिले की लसाड़िया पंचायत इस अभियान की सफलता की जीवंत मिसाल बन चुकी है। जहां कभी गड्डा से चकवाड़ा तक पहुंचने में 17 किलोमीटर का लंबा और कठिन सफर तय करना पड़ता था, वहीं अब यह दूरी घटकर मात्र 7 किलोमीटर रह गई है। ग्रेवल सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। किसान अब आसानी से अपनी उपज बाजार तक पहुंचा पा रहे हैं, विद्यार्थियों को स्कूल जाने में सुविधा हुई है और जरूरत के समय चिकित्सा सेवाएं भी तेजी से उपलब्ध हो रही हैं।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की सतत मॉनिटरिंग और संवेदनशील कार्यशैली ने इस अभियान को केवल प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि जनकल्याण की मजबूत मिसाल बना दिया है। संवाद, सहमति और समझाइश के जरिए वर्षों पुराने विवादों को सुलझाते हुए गांवों, ढाणियों और खेतों तक जाने वाले रास्तों को फिर से जीवंत किया गया है। कलेक्टर सोनी की पहल ने प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास को नई मजबूती दी है।

अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार ने बताया कि 15 नवम्बर 2024 से 29 मार्च 2026 तक कुल 1,802 रास्ते खोले जा चुके हैं। प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह न्यूनतम 3 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य निर्धारित कर इस अभियान को निरंतर गति दी जा रही है।

तहसीलवार उपलब्धियों में फागी तहसील ने सर्वाधिक 154 रास्ते खोलकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि मौजमाबाद में 135, चौमूं में 109, शाहपुरा में 106, चाकसू में 100, फुलेरा में 99, जमवारामगढ़ में 96, आमेर में 94, दूदू में 92, रामपुरा डाबड़ी में 91, माधोराजपुरा में 86, बस्सी में 85, जोबनेर में 84, जालसू में 79, कोटखावदा में 78, किशनगढ़ में 77, तुंगा में 61, सांगानेर में 39, कालवाड़ में 10 तथा जयपुर तहसील में 5 रास्ते खोले गए हैं।

इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम हुआ है, जिससे किसानों को खेतों तक कृषि उपकरण ले जाने और उपज को बाजार तक पहुंचाने में आसानी हुई है। साथ ही आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर हुई है और विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ रही।

'रास्ता खोलो अभियान' ने केवल रास्ते ही नहीं खोले, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी वर्षों पुराने विवादों को समाप्त कर सौहार्द का नया वातावरण तैयार किया है। सहमति आधारित इस पहल ने प्रशासन को आमजन के और करीब लाते हुए जनविश्वास को मजबूत किया है।

कलेक्टर डॉ. सोनी के नेतृत्व में यह अभियान अब ग्रामीण क्षेत्रों में राहत, विश्वास और विकास का पर्याय बन चुका है। यह पहल साबित करती है कि जब प्रशासन संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे, तो बदलाव केवल कागजों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जमीन पर दिखाई देता है।

# आपातकाल के अंधेरे में भी जलती रही लोकतंत्र की ज्योतिः जोराराम कुमावत




## सेनानियों के संघर्ष को नमन

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जालोर शहर स्थित नंदीश्वरदीप जैन तीर्थ परिसर में रविवार को लोकतंत्र सेनानी संघ की ओर से स्वर्ण जयंती सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। राज्य के पशुपालन वं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि वर्ष 1975 में लागू आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे और प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई थी। ऐसे कठिन समय में भी लोकतंत्र सेनानियों ने अपने संघर्ष को जारी रखते हुए लोकतंत्र की ज्योति को जलाए रखा। उन्होंने कहा कि इन सेनानियों का साहस, त्याग और बलिदान देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि के तहत सेनानियों को प्रति माह 20 हजार रुपये पेंशन व 4 हजार रुपये चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक व लोकतंत्र सेनानी जोगेश्वर गर्ग ने आपातकाल के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह समय लोकतंत्र की परीक्षा का दौर था, जिसमें लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अनेक लोगों ने त्याग और संघर्ष किया। उन्होंने इसे लोकतंत्र की रक्षा का यज्ञ बताया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, जालोर सांसद लुम्बाराम चौधरी, आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित तथा जयपुर सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा ने भी लोकतंत्र के मूल्यों, परंपराओं और नागरिक स्वतंत्रता पर अपने विचार व्यक्त किए। लोकतंत्र सेनानी व वरिष्ठ अधिवक्ता मधुसूदन व्यास ने आपातकाल के संघर्षों को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए और बताया कि लोकतंत्र को बचाने के लिए किस प्रकार निरंतर प्रयास किए गए। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके आश्रितों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी कैलाश सोनी, बंशीसिंह चौहान, गेनाराम मेघवाल, हरिशंकर राजपुरोहित, भगाराम सुथार, सूरजप्रकाश व्यास, मिश्री बाई (चम्पालाल मुणोत की पत्नी), रवि सोलंकी, दीपसिंह धनानी, महेन्द्र मुणोत, सुरेश सोलंकी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए दिए गए बलिदानों को याद करते हुए उन्हें नमन किया और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाए रखने का संकल्प लिया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स
जयपुर, सोमवार
30 मार्च, 2026

## ढाढणवाली दादी का बीसवां वार्षिकोत्सव कल




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** श्री ढाढण दादी परिवार की ओर से ढाढणवाली दादीजी का बीसवां वार्षिकोत्सव व विराट भजन संध्या 31 मार्च को माहेश्वरी भवन में आयोजित होगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है तथा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।परिवार के संदीप बजाज व नरेश बजाज ने बताया कि वार्षिकोत्सव के तहत दादीजी का अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योति, भव्य दरबार एवं छप्पन भोग विशेष आकर्षण रहेंगे। देश के विभिन्न स्थानों से दादी भक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे। अध्यक्ष सुशील बजाज व मंत्री मुकेश बजाज के अनुसार भजन संध्या में पवन शर्मा, तेजस राणा (अजमेर), रीतू पाण्डे, महेंद्र स्वामी व बूंदू भाई (जयपुर) सहित कई ख्यातनाम भजन गायक प्रस्तुतियां देंगे। स्थानीय कलाकार भी भजनों की प्रस्तुति देंगे। उपाध्यक्ष रतनलाल बजाज, पुनीत बजाज एवं राजेश बजाज ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए दादी परिवार के सदस्य सक्रिय रूप से व्यवस्थाओं में जुटे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

## सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** तहसील के निकटवर्ती झोरड़ा में स्व. रामकरण राम जाखड़ की तीसरी पुण्यतिथि पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। आयोजक गोपालराम भीयाराम जाखड़ ने बताया कि श्रीमदभागवत सात दिवसीय कथा में व्यासपीठ पर कथावाचक बड़ा रामद्वारा सुरसागर जोधपुर के अमृतराम महाराज ने कथा का वाचन किया। उन्होंने युवाओं से नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने की अपील करते हुए नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया। अन्तिम दिन कथा के दौरान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता के प्रसंग भी सुनाए। इस बीच राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र किलक भी पहुंचे। जिनका महाराज अमृतराम ने माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान किलक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गौमाता की सेवा करने से बड़ा पुण्य कोई नही है। उन्होंने कहा कि पिता की स्मृति में गौमाता के लिये किया गया यह कार्य अनुकरणीय है। वही किलक ने भी रक्तदान करके कहा कि रक्तदान महादान है, आपका दिया गया रक्त किसी दूसरे की जिंदगी बचाने में सहायक होता है। भीयाराम जाखड़ ने बताया कि रक्तदान शिविर में 500 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ, जिसमें पचास से ज्यादा महिलाएं शामिल रहीं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए दरी वितरण अभियान शुरू



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** सामाजिक सरोकार की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए सूर्या उदय संस्था, जयपुर में शहर के आंगनबाड़ी केन्दों में बच्चों के लिए दरी वितरण अभियान की शुरूआत की है। इस पहल का उदेदश्य छोटे बच्चों को बैठने के लिए स्वच्छ और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। जयपुर में सूर्या उदय संस्था की ओर से आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए दरी वितरण का कार्य शुरू किया गया है। समाजसेवी संस्था अध्यक्ष शोभल सिंह ने जानकारी देते बताया कि इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पहुच कर बच्चों को दरी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उन्हें पढ़ाई और अन्य गतिविधियों के दौरान आरामदायक माहौल मिल सके। उन्होंने लोगों का आव्हान किया कि इस नेक कार्य में अधिकाधिक लोग जुड़े और अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, जिससें जरूरतमंद बच्चो तक मदद पहुंचाई जा सके। संस्था का यह प्रयास समाज में सहयोग और सेवा भावना को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## सड़क हादसे में दो युवक घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** गांव हरासर पडिहारा के बीच मोटरसाइकिल बोलेरो की टक्कर मे दो युवक गंभीर घायल हो गए। हरासर से पडिहारा की ओर सड़क पर मोटरसाइकिल और बोलेरो की टक्कर मे गणेश उर्फ़ सूर्य प्रकाश (25) तथा मनोज मेघवाल (21), दोनों निवासी राजलदेसर गंभीर घायल हो गए। जिनको बोलेरो चालक सुजानगढ़ अस्पताल लेकर आये तथा टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, नवरतन बिजारणिया आदि ने इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। डॉ रघुवीर तूनवाल, अमित आदि ने इलाज किया। दोनों की स्थिति गंभीर होने और परिजनों के दूर होने की वजह से श्याम स्वर्णकार तथा हुनताराम उनके साथ सीकर गए तथा भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। परिजनो के सीकर पहुँचने पर घायलों को संभलाकर स्वर्णकार वापस लौटे। सालासर पुलिस मामले की जांच करेगी। बोलेरो पडिहारा से हरासर साइड और मोटरसाइकिल सवार हरासर से पड़िहारा जा रहे थे।

# वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में ओरिएंटेशन प्रोग्राम - नीट, आईआईटी व जेईई तैयारी की दी दिशा

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट में आयोजित भव्य ओरिएंटेशन प्रोग्राम में अभिभावकों व विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नीट, आईआईटी एवं जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक सशक्त मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अनूप सैनी आर.ए.एस. व अध्यक्षता सुमित्रा प्रिंसिपल, डाईट ने की। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. रामस्वरूप जाखड़ प्रिंसिपल, एम.डी. कॉलेज झुंझुनूं, कृष्ण कुमार कौशिक जी.एम. राजस्थान पत्रिका, डॉ. आशीष गर्ग प्रोफेसर, नेतराम मघराज महाविद्यालय, डॉ. महेश बिस्सू निदेशक, ऑक्सफोर्ड स्कूल ढ़ीगाल, हरलाल सिंह मोगा निदेशक, राजस्थान पब्लिक स्कूल मंडावा, नरेंद्र निदेशक, रविंदर पब्लिक स्कूल, सुरेश निदेशक, रामलाल शिक्षण संस्थान, अलसीसर, महेश बसावतिया व अख्तर अली निदेशक, स्टार एकेडमी झुंझुनूं ने शामिल






होकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संस्थान के फाउंडर इंजी. प्यारेलाल ढूकिया व को-फाउंडर इंजी. पीयूष ढूकिया की विशेष उपस्थिति कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। दोनों ही शिक्षा क्षेत्र में अपने दूरदर्शी नेतृत्व, अनुशासन व परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के लिए जाने जाते हैं, जिनके मार्गदर्शन में वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम के दौरान इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने सभी अतिथियों का साफा, शॉल व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए एक सशक्त संदेश देते हुऐ कहा कि 'जब झुंझुनूं में ही वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट जैसा सशक्त संस्थान उपलब्ध है, तो फिर कोटा, सीकर या जयपुर जाने की आवश्यकता नहीं है। 'उनके इस संदेश ने उपस्थित सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, विश्वास एवं नई ऊर्जा का संचार किया। वहीं इंजी. पीयूष ढूकिया ने अपने उद्बोधन में आधुनिक शिक्षा प्रणाली, प्रतियोगी परीक्षाओं की बदलती रणनीति एवं वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट के एकेडमिक स्ट्रक्चर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार संस्थान छात्रों को शुरुआती स्तर से ही एक मजबूत कॉम्पिटिटिव माइंडसेट के साथ तैयार कर रहा है। वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट की सेन्टर हेड डॉ. शिखा सहाय ने संस्थान की कार्यप्रणाली व ओरिएंटेशन की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम का सफल व प्रभावशाली संचालन एडमिन हेड जितेंद्र शर्मा ने किया। इस पूरे आयोजन की रूपरेखा, प्रबंधन एवं क्रियान्वयन में उनकी नेतृत्व क्षमता स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जिससे कार्यक्रम अत्यंत सुव्यवस्थित, प्रभावी व परिणामोन्मुखी रहा। वीपीएल फैकल्टी टीम द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से नीट, आईआईटी एवं जेईई की तैयारी की सम्पूर्ण रणनीति प्रस्तुत की गई। विद्यार्थियों को पूरे वर्ष किस प्रकार पढ़ाया जाएगा तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किस स्तर तक तैयार किया जाएगा, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने वीपीएल करियर इंस्टीट्यूट के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण व भरोसेमंद पहल बताया।

## मण्डावा में भाजपाईयों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की बातें

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निस)।** मण्डावा स्थित सुभाष चौक के निकट बीएलटी स्टाल में रविवार को नरेन्द्र मोदी विचार मंच की ओर से 'मन की बात' कार्यक्रम का 132वां एपिसोड आयोजित किया गया। यह आयोजन बीएलटी पर हुआ, जिसमें स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सभी उपस्थित लोगों ने गंभीरता से सुना। 'मन की बात' हर महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों से सीधे जुड़ते हैं। वर्ष 2026 का यह तीसरा एपिसोड था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वैश्विक तेल और गैस संकट, खाड़ी देशों में रह रहे लगभग एक करोड़ भारतीयों की स्थिति और अफवाहों के दुष्प्रभावों जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अफवाहें फैलाने से देश को नुकसान होता है, इसलिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर सच्चाई के साथ आगे बढ़ना चाहिए। भाजपा नेता व पूर्व सरपंच सुलतान सिंह राहङने इस अवसर पर कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम लोगों को प्रेरित करने और समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम जनमानस को जागरूक करने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए भी प्रेरित करता है। इस आयोजन में भाजपा नेता सुनील सैनी, दयानंद कुलहरि, मनीष कुमावत, नरेन्द्र जाटू, गौरव शर्मा, नरेन्द्र मोदी विचार मंच के चीफ हितेष प्रजापति राकेश,अमित, वरुण, लोकेश, रोहित, निखिल, राहुल, संदीप, अनुज, प्रवीण, हैप्पी और अक्की सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया ।

## कैरियर गाइडेंस सेमिनार में विद्यार्थियों को दी उपयोगी जानकारी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय प्रांगण में रविवार को ऐ-सेट एवं रेजोनेट छात्रवृत्ति परीक्षा का सफल व सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस परीक्षा में लगभग 350 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। परीक्षा शांतिपूर्ण व अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुई। इसी अवसर पर विद्यालय में वार्षिक अभिभावक-शिक्षक बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, व्यवहार, भविष्य की योजनाओं एवं सर्वांगीण विकास पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अभिभावकों ने विद्यालय की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कैरियर गाइडेंस सेमिनार का संचालन गोविन्द सोनी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन देते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति सजग और प्रेरित किया । इस अवसर पर संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल, महेश चंद्र तेतरवाल, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी, प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि, 'ऐ-सेट एवं रेजोनेट छात्रवृत्ति परीक्षा विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा को पहचानने और उसे नई दिशा देने का एक सशक्त माध्यम है। हमारा लक्ष्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा का परिणाम 3 अप्रैल 2026 को जारी किया जाएगा। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## झुंझुनूं में पेट्रोल-डीजल व गैस की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों से बचने की अपील

### कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने ऑयल कंपनियों व रसद विभाग के साथ बैठक कर की समीक्षा



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है तथा आपूर्ति में कहीं कोई कमी नहीं है। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने ऑयल कंपनी के सेल्स मैनेजर एवं जिला रसद अधिकारी डॉ. निकिता राठौड़ के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की और आमजन से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। कलेक्टर ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर सामान्य गतिविधियां जारी हैं और कहीं भी अनावश्यक भीड़ की सूचना नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे जागरूक रहें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन की खरीद करें। बैठक में गैस एजेंसियों व सिलेंडर वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। निर्देश दिए गए कि घरेलू गैस सिलेंडर केवल उपभोक्ता की ओर से ओटीपी/ष्ठ्रष्ट कोड बताने तथा डायरी में एंट्री करने के बाद ही वितरित किए जाएं। साथ ही उपभोक्ताओं को भी आगाह किया गया कि वे एंट्री से पहले अपना ओटीपी साझा न करें। जिले में गैस आपूर्ति भी सुचारू रूप से जारी है। जानकारी के अनुसार, गत दिवस 10,117 घरेलू गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध रहा, जबकि 9,648 सिलेंडरों का वितरण किया गया। कलेक्टर ने उपभोक्ताओं से घरेलू गैस का सुरक्षित व कुशलतापूर्वक उपयोग करने की अपील की।

## बैंक ऑडिट व आयकर अधिनियम पर सेमिनार आयोजित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** होटल ग्रांड शेखावाटी में रविवार को दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया जिला-शाखा चूरू की ओर से बैंक ऑडिट व आयकर अधिनियम 2025 विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सीए विनोद कुमार अग्रवाल ने की। सेमिनार में विषय विशेषज्ञ सीए विजय कुमार अग्रवाल, सीए नटवर सारडा व सीए राम निरंजन माहारवाल ने अपने सुझाव साझा किए। उन्होंने बैंक ऑडिट की जटिलताओं, व्यवहारिक चुनौतियों तथा आयकर अधिनियम 2025 में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीकर व झुंझुनूं शाखा की प्रबंध समिति के सदस्य रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सीए अजय कृष्ण हारित, सचिव सीए प्रतीक राजोतिया, कोषाध्यक्ष सीए मनोज भावनानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। इसके साथ ही सीआईसीएएसए चेयरमैन सीए मनोज प्रजापत व डब्ल्यू वाईएमईसी चेयरमैन सीए अरुण शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक वरुण पांडे व निशांत अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नव उत्तीर्ण चार्टर्ड अकाउंटेंट्स प्रज्ञा कनोड़िया, विपुल सरोठिया व कुणाल दाधीच का प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर अभिनंदन किया। इसके साथ ही सीए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों रोहित दयाल व अभिषेक मित्तल को भी बधाईयां दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने युवा पेशेवरों से कहा कि वे अपने तकनीकी ज्ञान को निरंतर अद्यतन रखें, डिजिटल तकनीकों व डेटा एनालिटिक्स को अपनाएं और प्रोफेशनल एथिक्स का पालन करते हुए अपने करियर को नई ऊंचाइयां दें। आयोजकों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## मधुमक्खियों के हमले में बुजुर्ग घायल

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गनोडा गांव की रोही में बुजुर्ग क़ो मधुमखियो ने हमला कर किया गंभीर घायल कर दिया। रविवार सुबह खेत में बकरिया चरा रहे सोहन राम पुत्र डालूराम मेघवाल उम्र 70 वर्ष निवासी गनोडा क़ो खेत मे मधुमक्खियों के झुण्ड ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। जिसका बगड़िया अस्पताल में उपचार किया गया। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य ने बुजुर्ग के चेहरे, सिर हाथ पैर और पूरे शरीर से 250-300 से ज्यादा डंक निकाले। डॉ रघुवीर तूनवाल, अमित आदि ने इलाज किया।

### ऋषिकुलब्रह्मचर्याश्रम में किया डॉ. शर्मा व गौड़ का अभिनंदन

**चूरू(निस)।** श्री ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम के प्राचार्य डॉ. भवानी शंकर शर्मा को जिला जिम्नास्टिक संघ चूरू का कोषाध्यक्ष व योगेश गौड़ को सहसचिव बनाये जाने पर रविवार को आश्रम में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. भवानी शंकर शर्मा ने चयनकर्ताओं को साधुवाद देते हुए कहा कि सभी को साथ लेकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से खेलों में रुचि लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और खेलों से होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला।

### पेड़ पर लटकता मिला बुजुर्ग का शव

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव बडाबर की रोही में बुजुर्ग का शव फंदे से लटका मिला है। मृतक जीवन राम पुत्र कानाराम मेघवाल उम्र 75 वर्ष निवासी बडाबर ने खेत मे रोहिडा के पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ मौक़े पर पहुंची तथा शव क़ो सुजानगढ़ अस्पताल लाकर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की सहायता से मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों क़ो सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग मानसिक रूप से अस्वस्थ था।

**आम सुचना**

मैं कृष्णकुमार पुत्र हरीराम चौधरी निवासी जयनारायण कॉलोनी, बीकानेर राजस्थान का हूँ जो नीचे लिखे शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि यह कि मेरी डी-फार्मा सर्टिफिकेट नं. 28200 है जो कि सत्र 2021 में मूल अन्यत्र खो चुका है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस थाना सरदारशहर में दिनांक 26.03.2026 को दर्ज करवाई जा चुकी है। जिस किसी को मिले पहुंचाने का कष्ट करें।

**पत्ता- कृष्णकुमार पुत्र हरीराम चौधरी निवासी जयनारायण कॉलोनी, बीकानेर राजस्थान।**

**Zila Parishad (R.D.C.), Churu**
Phone No. : 01562-250594, FAX : 01562-255983, E-mail : pd-chu-rj@nic.in
Number : 6021-37 Date : 23.03.2026
**-: Notice Inviting Bid :-**
Bids for Hiring of Vehicle are invited from interested bidders upto 30-03-2026 12:00 P.M. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and Zila Parishad's notice board. The approximate value of the procurement is Rs. 3.50 Lakh.
UBN : ZCR2526SSLB03008
Chief Executive Officer
Zila Parishad (R.D.C.), Churu
Raj.Samwad/C/25/23466

**Zila Parishad (R.D.C.), Churu**
Phone No. : 01562-250594, FAX : 01562-255983, E-mail : pd-chu-rj@nic.in
Number : 6016-20 Date : 23.03.2026
**-: Notice Inviting Bid :-**
Bids for Computer Operator are invited from interested bidders upto 30-03-2026 12:00 P.M. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and Zila Parishad's notice board. The approximate value of the procurement is Rs. 1.30 Lakh.
UBN : ZCR2526SSOB03007
Chief Executive Officer
Zila Parishad (R.D.C.), Churu
Raj.Samwad/C/25/23467

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)**
E- Mail Address - eonp.sdlp@ yahoo.in Fax & Phone :- 01559 – 222039
क्रमांक :–न.पा.रा. / 2025–26 / 8079–81 दिनांक :– 23.03.2026
**संशोधन वार्षिक निविदा सूचना**
**(CORRIGRNDUM)**
सर्वसाधारण / निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा जारी वार्षिक निविदा सूचना क्रमांक 7886–88 दिनांक 09.03.2026 के अतंर्गत प्रकाशित निविदा हेतू निविदा प्रपत्र दिनांक 24.03.2026 को प्रातः 11:00 से 02:00 बजे तक विक्रय किये जाने थे व दिनांक 24.03.2026 को सांय 04:00 बजे से 05:00 बजे तक प्राप्त किये जाने थे एवं दिनांक 25.04.2026 को खोली जानी प्रस्तावित थी। किन्तु अपरिहार्य कारणवश उक्त निविदा की तिथियों में संशोधन किया जाता है। अब निविदा प्रपत्र दिनांक 01.04.2026 को प्रातः 11:00 से 02:00 बजे तक विक्रय किये जाएंगे तथा दिनांक 01.04.2026 को अपराह्न 03:00 से 05:00 बजे तक प्राप्त किये जाएंगे। उक्त निविदा दिनांक 02.04.2026 को सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में खोली जाएगी। शेष सभी शर्तें यथावत रहेगी।
राज.संवाद / सी / 25 / 23471
अधिशाषी अधिकारी

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
30 मार्च, 2026

## सर्व समाज जागृति संघ ने नैतिक शर्मा का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सर्व समाज जागृति संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद शर्मा ने राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित परीक्षा सत्र 2025-26 कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर नैतिक शर्मा पुत्र महेश शर्मा निवासी लोहरवाड़ा को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मान किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि एक छोटे से ग्राम का बच्चा जो प्रतिदिन 10 किलोमीटर दूर प्रताप स्कूल चौमूं में जाकर पढ़ाई करके 95 प्रतिशत अंक लाना बड़े गौरव की बात है। इस बच्चे ने सेल्फ स्टडी से यह अंक प्राप्त किया है। ऐसे बच्चों के पास अगर थोड़ी भी कोचिंग सुविधा होती एवं उचित मार्गदर्शन होता तो यह बच्चा और भी अंक प्राप्त कर सकता था। डॉ. शर्मा का कहना है कि ऐसे बच्चों को प्रेरित करने के लिए उचित सम्मान करना चाहिए। आज लोहरवाड़ा पहुंचकर नैतिक शर्मा को साफा बंधवाकर, माला पहनाकर, दुपट्टा ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह दिया। सम्मान करने के मौके पर समाजसेवी हजारीलाल शर्मा, समाजसेवी कैलाश तिवारी, पंडित महेश शर्मा हवेली वाले, साधुराम शर्मा, गोपाल शर्मा, भूतपूर्व सरपंच कमल सिंह, उपसरपंच गिरधारी लाल यादव, हनुमान यादव, मोहन सिंह राणा, श्रवण जाट, अंजू अग्रवाल,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य पंडित महेश शर्मा, पवित्रा देवी, उमा देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सवः आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अहिंसा परमो धर्म के प्रणेता और जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के पर सकल जैन समाज, धौलपुर की ओर से आगामी 30 मार्च को शहर में एक विशाल व भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभा यात्रा प्रातः 9 बजे पुरानी सब्जी मंडी स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ होकर पुरानी सब्जी मंडी, तोप तिराहे, बजरिया, गडरपुरा रोड राजाखेड़ा बस स्टेंड पुराना, डाकखाना चौराहा, सेठ प्रताप सिंह मार्ग, निहाल गंज, हलवाई खाना, हनुमान तिराया होती हुई शोभायात्रा का समापन जैन मंदिर पर लगभग 3 बजे होगा इस महोत्सव को लेकर समाज के सभी वर्गों और संस्थाओं में भारी उत्साह है। आयोजन समिति ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली है। महावीर जयंती में स्वर्ण मयी रथ पर श्री जी सवार होंगे व 10 सुसज्जित झांकियां, बैण्ड बाजे, ढोल नगाड़े शामिल रहेंगे। भव्य रथ और झांकियांः शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी का स्वर्ण मयी रथ मुख्य आकर्षण होगा। इसके साथ ही जैन धर्म के सिद्धांतों, भगवान के जीवन चरित्र और 'जियो और जीने दो' के संदेशों पर आधारित मनमोहक झांकियां सजाई जाएंगी। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरने वाली इस यात्रा में सुप्रसिद्ध बैंड, और ढोल-नगाड़ों का लवाजमा शामिल रहेगा। ?केसरिया परिधानः सकल जैन समाज के पुरुष श्वेत वस्त्रों में और महिलाएं पारंपरिक केसरिया साड़ियों में मंगल गान करती हुई जुलूस की शोभा बढ़ाएंगी। जैन समाज धौलपुर के अध्यक्ष धनेश जैन के अनुसार भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर मन्दिरों में प्रातः स्वर्ण कलशों से श्री जी का अभिषेक, विश्व कल्याण के शांतिधारा, विशेष पूजा अर्चना होगी। शाम को महाआरती व अन्य धार्मिक आयोजन होंगे मन्दिरों और जिनालयों के भव्यता पूर्वक सजाया गया है

## मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना

### पात्र ऋणी सदस्य 31 मार्च तक उठा सकते हैं योजना का लाभ

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** भूमि विकास बैंकों के ऋणी सदस्यों के लिए मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए अंतिम दो दिवस शेष हैं। इच्छुक ऋणी सदस्य 31 मार्च तक योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए पात्र सदस्य तत्काल अपने जिले के सहकारी भूमि विकास बैंक में सम्पर्क कर ऑनलाइन रसीद प्राप्त करें। राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के प्रबंध निदेशक जितेन्द्र प्रसाद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्त होने में मात्र दो दिवस शेष है तथा इसमें भी एक ही कार्य दिवस है। इस कल्याणकारी योजना के लाभ से अब तक वंचित रहे ऋणी सदस्य 31 मार्च से पूर्व ऑनलाइन रसीद प्राप्त कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना की अवधि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। प्रबंध निदेशक ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से 12 मार्च को विधानसभा में की गई घोषणा की पालना में भूमि विकास बैंकों के ऋणी किसानों एवं लघु उद्यमियों के हित में 200 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान कर यह योजना लागू की गई थी। योजना के अंतर्गत किसानों व लघु उद्यमियों से केवल मूल ऋण, बीमा प्रीमियम व 1 जुलाई 2024 के बाद के ब्याज की राशि लेकर राहत प्रदान की जा रही है। इसके अंतर्गत 30 जून 2024 तक के बकाया शत प्रतिशत अवधिपार ब्याज व दण्डनीय ब्याज की राशि राज्य सरकार की ओर से वहन की जा रही है। योजना की अवधि पूर्व में तीन-तीन माह के लिए राज्य सरकार की ओर से किसानों व लघु उद्यमियों के हित में बढ़ाई जाती रही है।

## चम्बल में बजरी माफियाओं पर पुलिस का शिकंजा, बिना नंबर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक बिना नंबर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से चम्बल की रेता-बजरी भरी हुई थी, जबकि चालक पुलिस कार्रवाई को देखकर मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (आईपीएस) के निर्देशन में अवैध खनन के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा (आरपीएस) के पर्यवेक्षण एवं वृत्ताधिकारी शहर धौलपुर कृष्णराज जांगिड (आरपीएस) के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। सदर थानाधिकारी महेश मीणा (उप निरीक्षक) के नेतृत्व में पुलिस टीम को डीएसटी टीम इंचार्ज प्रेमसिंह चौधरी (सहायक उप निरीक्षक) से सूचना मिली कि ग्राम भमरौली के पास अवैध बजरी परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस को देखकर बजरी माफिया ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। मौके पर जांच करने पर एक स्वराज ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के ट्रॉली सहित मिला, जिसमें अवैध चम्बल रेता-बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। पुलिस ने फरार चालक के खिलाफ बीएनएस, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम एवं राजस्थान वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भजनलाल शर्मा ने नवनियुक्त लोक सेवकों से कहा-आगे बढ़ते रहो लेकिन जो आपके पीछे खड़े हैं उनका भी ध्यान रखिए

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को बिरला सभागार में वर्ष 2023 बेच के राजस्थान प्रशासनिक सेवा और अधीनस्थ सेवा के अधिकारियों को शपथ दिलाई तथा नवनियुक्त लोक सेवकों के साथ संवाद भी किया**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राजधानी जयपुर के बिड़ला सभागार में वर्ष 2023 बीच के राजस्थान प्रशासनिक सेवा और अधीनस्थ सेवा के अधिकारियों को शपथ दिलाई तथा उनसे काफी देर तक संवाद भी किया बातचीत के दौरान कई अधिकारियों ने परीक्षा की तैयारी के दौरान जो जो समस्याएं सामने आई और उन समस्याओं का उन्होंने किस तरह से हैंडल किया इन सब के बारे में खुलकर मुख्यमंत्री को बताया, मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान कई अधिकारियों ने अपने माता-पिता, शिक्षक,मित्रगण और अपने परिजनों से मिले सपोर्ट की भी बात कही इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने नवनियुक्त अधिकारियों से कहा कि आपकी इस सफलता में भले ही कई लोगों का हाथ हो लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि आपने कड़ी मेहनत और लगन के साथ यह परीक्षा उत्तीर्ण की इसमें आपका समर्पण और मेहनत का बड़ा योगदान है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शपथ लेने वाले अधिकारियों से कहा कि निश्चित रूप से आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना है लेकिन आपको अपने अतीत को भी याद रखना है आपको उन दिन की याद को भी हमेशा दिल में रखना है जब आप शुरू शुरू में इस परीक्षा की तैयारी में लगे थे उन्होंने कहा कि आपकी इस सफलता में पीछे खड़े लोगों का भी हाथ है जिन्हें आपको बिल्कुल नहीं भूलना है उन्होंने कहा कि आपके जीवन में भी एक समय ऐसा आया था जवाब किसी अधिकारी के पास किसी काम के लिए गए लेकिन आपको वहां से निराशा मिली होगी लेकिन अब आपके पास भी बहुत से लोग आएंगे किसान मजदूर महिलाएं अपनी शिकायत लेकर आएंगे जिन्हें आपको प्राथमिकता से लेना है और उन्हें राहत पहुंचाना आपकी जिम्मेदारी है मुख्यमंत्री शर्मा ने उपस्थित नवनियुक्त अधिकारियों सेकहा कि हर माता-पिता और हर युवा की ख्वाहिश रहती है कि वह उच्च सेवा में जाए और आज आपके माता-पिता आपके रिश्तेदार आपके मित्र और आपके स्कूल और कॉलेज के जमाने के शिक्षक खुद को आपकी इस सफलता से गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं इसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं लेकिन कई बार आगे बढ़ने के जुनून में और सफलताएं देखकर कई लोग अतीत की यादों को भूल जाते हैं लेकिन आपको हमेशा अतीत के संघर्ष और जिन लोगों ने आपका सपोर्ट किया उन्हें याद रखना है तथा आज आपने जो शपथ ली है उसके एक-एक शब्द पर आपको गंभीरता से काम करके लोगों की सेवा करनी है और प्रदेश के विकास को गति देनी है उन्होंने कहा कि चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो सरकार का काम योजनाएं बनाना नीति और नियम बनाना है लेकिन इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी आप जैसे अधिकारियों के कंधों पर ही होती है इसलिए आपको यह अपनी इस जिम्मेदारी को बहुत ही ईमानदारी और कर्मठता से निभाना है आपको सेवा कार्य करने का यह बहुत बड़ा मौका मिला है जिसमें आपकी पर्सनेलिटी को निखारने का अवसर तो मिला ही है इसके अलावा प्रदेश के लोगों की सेवा करने और प्रदेश के विकास में भागीदारी बने का एक बहुत बड़ा अवसर आपको मिला है जिसको आपको भरपूर जीना है इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रेया गुहा सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे इस मौके पर मुख्य सचिव श्रीनिवास ने भी नवनियुक्त अधिकारियों को उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की और उन्हें अपनी ओर से आवश्यक श्रेष्ठ कार्य के लिए टिप्सभी दिए ।

## हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल इसको गौरवशाली बनाने की हम सब की जिम्मेदारीः बैसला

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिला प्रशासन व जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र के तत्वाधान में पंच गौरव एक जिला एक खेल कार्यक्रम अंतर्गत इंदिरा गांधी स्टेडियम में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला कोषाधिकारी सतीश बैसला, विशिष्ट अतिथि मुख्य योजना अधिकारी भरत राव, शैलेंद्र सिंह बोहरा अध्यक्ष जिला हॉकी संघ, अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार ने की। अपने उद्बोधन में बोलते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश बैसला ने खिलाड़ियों को श्रेष्ठ खेल कौशल के प्रदर्शन की बात कही और पंच गौरव में चयनित हॉकी खेल को राजस्थान व देश के अंदर ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और बताया जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न ब्लॉकों के चयनित हॉकी के प्रशिक्षण केंद्र और खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन किट और उपकरण राज्य सरकार के द्वारा प्रदान किए जाएंगे। खिलाड़ी अपने खेल का श्रेष्ठ प्रदर्शन करें। शैलेंद्र सिंह बोहरा अध्यक्ष हॉकी संघ धौलपुर ने कहा कि हॉकी का धौलपुर का सुनहरा इतिहास रहा है और यह सभी युवा खिलाड़ी उसे सुनहरे दौर को पुन वापस लेकर आएंगे। जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार की ओर से पंच गौरव में चयनित हॉकी खेल के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला और खिलाड़ियों को हॉकी खेल की गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया और राजस्थान सरकार की ओर से जो भी सुविधा खिलाड़ियों को प्रदान की जा रही है उसके बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन अनिल मिश्रा विद्यार्थी सचिव जिला ओलंपिक संघ की ओर से किया गया। इस अवसर पर अजय बघेल, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी हॉकी संजीव झा, बोली भाजपा पदाधिकारी रितेश सक्सेना, अमृतलाल, प्रहलाद अग्रवाल, जिला फुटबाल संघ के सचिव संदीप राणा, जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मोहम्मद जाकिर हुसैन, हॉकी कोच योगेश कुमार, थापा अंशुल राणा प्रवेश परमार कोच अमृतलाल रामेश्वर इरशाद मिर्जा फारूक बैग मिर्जा खादिम बैग आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## किड्स गार्डन ए आई स्कूल में मेगा स्कॉलरशिप टेस्ट

जयपुर टाइम्स




**पावटा(निस)।** कस्बे के भोनावास रोड स्थित किड्स गार्डन ए आई स्कूल में रविवार को मेगा स्कॉलरशिप टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 7 तक के करीब 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का सिलेबस विद्यार्थियों की वर्तमान कक्षा के अनुसार रखा गया, जिससे सभी प्रतिभागियों को समान अवसर मिल सके। संस्था निदेशक कमल यादव ने बताया कि इस टेस्ट में स्थानीय विद्यालयों के साथ-साथ राजकीय एवं गैर-राजकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 21 हजार तक के पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद राशि के साथ आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। इसके अलावा प्रथम से 20वें स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों को भी उपहार व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा, वहीं प्रत्येक कक्षा के अनुसार अलग-अलग पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस तरह के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और शैक्षणिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। संस्था द्वारा समय-समय पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इससे पूर्व विद्यार्थियों में मोबाइल की लत को कम करने के लिए विशेष कार्यशाला का भी आयोजन किया गया था।कार्यक्रम के दौरान कई लोग उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व पंचायत समिति सदस्य बबली यादव, प्रधानाचार्य संदीप पंवार, राम सैनी, वसीम अकरम, धर्मपाल सिंह शेखावत, सोमवीर मीणा, बलराज सिंह शेखावत, राकेश यादव, रविशंकर सेनी,सपना सैनी, सोमवीर मीणा,अनिता सेनी, सुषमा, कविता एवं मोमिना सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित तरीके से किया गया और विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाएं कार्यकर्ता- धीर सिंह जादौन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत मरैना मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रविवार को पीतम गिरी बाबा मंदिर परिसर में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और सरकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता ही होते हैं और उनकी जिम्मेदारी है कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। उन्होंने भाजपा के इतिहास, विकास, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन एवं 'मन की बात' कार्यक्रम के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। जादौन ने राजस्थान सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं—स्वामित्व योजना, लाडो योजना, किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री अनुप्रति योजना, पंच गौरव योजना, लखपति दीदी योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इनका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में सह प्रभारी पंकज शर्मा, विशिष्ट अतिथि युवा नेता राहुल राणा एवं राजाखेड़ा प्रवासी डम्बर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मरैना मंडल अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा ने की तथा संचालन मंडल महामंत्री रविंद्र हथवारी ने किया।
प्रशिक्षण वर्ग में किरोड़ी लाल बिजावत, जिला परिषद सदस्य वासुदेव शर्मा, हुकम सिंह लोधी, नितेश त्यागी, डॉ. राधेश्याम शर्मा, नीरज कुमार त्यागी, रणवीर लोधी, गजेंद्र सिंह परमार, बच्चू सिंह लोधी, बृजेश सिकरवार, नरेंद्र परमार, बृजकिशोर लोधी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मदन राठौड़ ने देश के लोगों से पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा लेने की बात कही

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को महत्वपूर्ण संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर गल्फ देशों में चल रहे तनाव के बीच, भारत पूरी तरह सक्षम और मजबूत है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें और देश के नेतृत्व पर भरोसा बनाए रखें। जैसे कोविडकाल में देशवासियों ने एकजुट होकर चुनौतियों का सामना किया था, उसी प्रकार आज भी संयम और विश्वास बनाए रखने की आवश्यकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इससे नागरिक स्वस्थ और सशक्त बन सकें। साथ ही उन्होंने युवाओं को विज्ञान, नई तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जल संरक्षण के क्षेत्र में देशभर के गांवों और जिलों के उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयासों से जल संकट का समाधान संभव है। वर्षा जल संचयन, खेतों में छोटे तालाब और नालियों के माध्यम से जल स्तर बढ़ाने जैसे प्रयासों ने ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए है। राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री ने खेलों के महत्व को भी रेखांकित किया और क्रिकेट में भारत की हालिया जीत पर गर्व व्यक्त करते हुए पारंपरिक खेलों जैसे खो-खो को भी प्रोत्साहित करने का संदेश दिया। इसके साथ ही, जयपुर के मुरलीधर जैसे नवाचार करने वाले नागरिकों का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे सोलर पैनल और सोलर पंप के माध्यम से लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं। महिलाओं द्वारा मछली पालन जैसे कार्यों के माध्यम से आजीविका सुदृढ़ करने के उदाहरण भी प्रेरणादायी हैं। ये सभी पहल देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा विकास, सेवा और समर्पण के मुद्दों के साथ जनता के बीच जाएगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण श्रवण किया गया। इस दौरान सांसद घनश्याम तिवाडी, मंजू शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी, प्रदेश मंत्री डॉ अपूर्वा सिंह, एकता अग्रवाल, नारायण मीना, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक, सह कार्यालय प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमावत, विधायक गुरवीर बराड, बाल मुकुंदाचार्य, प्रदेश राजेंद्र सिंह शेखावत, प्रवक्ता स्टेफी चौहान सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** उपखण्ड राजाखेड़ा, भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकास, जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र की जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचाने तथा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नीरजा अशोक शर्मा द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और जनहित के कार्यों में बाधा बनने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों एवं विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को समर्पित पुस्तिका 'बढ़ता राजाखेड़ा भाजपा के साथ' का विमोचन भी अपने करकमलों से किया। भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राजाखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। इनमें मनियां नगरपालिका की स्थापना तथा राजाखेड़ा में कृषि उपज मंडी की स्थापना की घोषणा विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और किसानों को बड़ा लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जारह में 33 केवी जीएसएस की स्थापना, मनियां में नगरपालिका की स्थापना, चंबल लिफ्ट परियोजना का लोकार्पण, 16 करोड़ रुपये की लागत से मनियां-मांगरोल सड़क के डामरीकरण, अंबिका में 132 केवी जीएसएस की स्थापना तथा राजाखेड़ा में खेल मैदान के लोकार्पण जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही उन्होंने लोक आस्था के प्रमुख केंद्र माता रैहना वाली एवं लाठवाली माता मंदिरों के सौंदर्यीकरण तथा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास के साथ-साथ राजाखेड़ा में कृषि उपज मंडी की स्थापना से जुड़े शेष कार्यों को भी शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रुख व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने स्थानीय विधायक रोहित बोहरा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राजाखेड़ा के खैरख्वाह बनने का दिखावा करने वाले और विधानसभा में अनर्गल चर्चा करने के साथ-साथ अपनी अभद्र हरकतों से लोकतंत्र की मर्यादा को तार-तार करने वाले लोगों ने चंबल लिफ्ट परियोजना को रोकने के लिए भरसक प्रयास किए। लेकिन डबल इंजन की जनहितकारी भाजपा सरकार के रहते उनके मंसूबे कभी सफल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द चंबल लिफ्ट परियोजना के माध्यम से नहर का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचेगा, जिससे क्षेत्र के किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा और सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान होगा। शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि आज भी कुछ लोग कृषि उपज मंडी की स्थापना में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब उनकी दाल गलने वाली नहीं है और क्षेत्र के विकास को कोई भी ताकत रोक नहीं सकती।